

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | मंगलवार, 11 मार्च 2025 | वर्ष: 03, अंक: 18, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

## नई शिक्षा नीति पर संसद में घमासान

### डीएमके सांसदों के विरोध के कारण लोकसभा की कार्यवाही को कुछ समय के लिए स्थगित करना पड़ा

**नई दिल्ली**
केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) सरकार तमिलनाडु में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को लागू नहीं करके छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रही है। धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पीएम श्री स्कूल को लेकर डीएमके सांसद टी सुमति के एक सवाल के जवाब में कहा कि एक समय पीएम श्री योजना को स्वीकार करने के लिए तमिलनाडु सरकार केंद्र सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के लिए तैयार थी। लेकिन बाद में उसने इस मुद्दे पर यूटर्न ले लिया।
तमिलनाडु में नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के मुद्दे पर आज सदन में डीएमके सांसद अपना विरोध जताने के लिए वेल में आ गए। डीएमके सांसदों के विरोध के कारण लोकसभा की कार्यवाही को कुछ समय के लिए स्थगित करना पड़ा। इस पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तमिलनाडु की स्टालिन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा, वे असभ्य, अलोकतांत्रिक लोग हैं और तमिलनाडु के छात्रों के प्रति प्रतिबद्ध नहीं हैं। वे उनका भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। वे तमिलनाडु के लोगों के प्रति बेईमान हैं। यह लोग राष्ट्र को गुमराह कर रहे हैं। लोकसभा की कार्यवाही स्थगित होने के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जिनके पास ठोस तथ्य नहीं हैं, वे केवल हंगामा करके दूसरों को भ्रमित करना चाहते हैं। मैंने आज भी विनम्रता से कहा कि आज 10 मार्च है और इस वित्तीय वर्ष के पूरा होने में बस कुछ ही दिन बचे हैं। पिछले दिनों में केंद्र सरकार की तमिलनाडु सरकार के साथ जो चर्चा हुई है, उसमें समझौते का एक रास्ता भी निकला था। उसी रास्ते पर तमिलनाडु सरकार सहमत हो जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को तमिलनाडु को पीएम श्री योजना का आवंटन देने में कोई समस्या नहीं है लेकिन वे इसमें रुचि नहीं रखते हैं। जो लोग पीएम श्री योजना में शामिल नहीं होना चाहते हैं।





## केवल भावना भड़का रही द्रमुक: सांसद निशिकांत दुबे



**नई दिल्ली**
**लोकसभा** में सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर हुई बहस के बीच भाजपा सदस्य निशिकांत दुबे ने तमिलनाडु के क्षेत्रीय राजनीतिक दल एवं सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) पर अलगाव की भावना भड़काने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि द्रमुक देश के ताने-बाने को तोड़ना चाहती है। निशिंकात दुबे ने लोकसभा में कहा कि तीन भाषा फामूर्ले का विरोध कर द्रमुक पार्टी असल में तेलगु, कन्नड़, तमिल, मैथली और संथाली का विरोध कर रही है। वे केवल ब्रिटिश लोगों की अंग्रेजी को ही लागू करना चाहते हैं। दुबे ने कहा कि तमिल देश की प्राचीन भाषाओं में से एक है। लेकिन संस्कृत उससे भी कहीं अधिक पुरानी भाषा है। देश के हर मंदिर में पूजा अर्चना संस्कृत भाषा के माध्यम से होती है।
उल्लेखनीय है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि द्रमुक सरकार तमिलनाडु में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को लागू नहीं करके छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रही है।

## राज्यसभा से विपक्ष ने किया वाकआउट, इन्हें फ्रेशर कोर्स कराने की जरूरत: नड्डा




**नई दिल्ली**
संसद के बजट सत्र के दूसरे भाग की शुरूआत के पहले दिन सोमवार को दोनों सदनों में विपक्षी दलों ने शोर-शराबा और हंगामा किया। काफी देर नारेबाजी करने के बाद राज्यसभा से विपक्ष ने वॉकआउट भी किया। विपक्ष के इस आचरण पर राज्य सभा में सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने राज्यसभा में उपसभापति हरिवंश से विपक्ष के सदस्यों को फ्रेशर कोर्स कराने की सिफारिश कर दी। सोमवार को राज्यसभा में नियम 267 के तहत रखे गए सभी नोटिस को खारिज करते हुए उपसभापति ने सदन की कार्यवाही शुरू की लेकिन विपक्ष के कुछ सदस्य और नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तय मुद्दे से हटकर दूसरे विषय को उठाने लगे। नेता विपक्ष ने मतदाता सूची में कथित हेराफेरी का मुद्दा उठाने का प्रयास किया। इस पर उपसभापति ने सभापति द्वारा 8 दिसंबर 2022 और 19 दिसंबर 2022 को दी गई व्यवस्था का हवाला देते हुए कहा कि फिलहाल ये मुद्दा रिकॉर्ड पर नहीं होगा। कांग्रेस के सदस्य इसके बाद नारेबाजी करने लगे और बाद में सदन से वॉकआउट कर दिया।
नेता सदन जेपी नड्डा ने विपक्ष के वॉकआउट की निंदा कहते हुए इसे गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार बताया। उन्होंने कहा, "कुछ दिन से देख रहा हूं कि सदन में नियम 267 के तहत कुछ लोग नोटिस दे देते हैं और सभापति ने कई बार रूलिंग दी है, उस नियम और रूलिंग को ध्यान में रखकर आप नोटिस रिजेक्ट करते हैं। ये जो प्रथा है, ये कहीं ना कहीं विपक्ष की तरफ से संस्थागत ढांचे को नुकसान पहुंचाने का कुत्सित प्रयास है।

## पुणे को हाई स्पीड ट्रेनों की कनेक्टिविटी दी जाए : मेधा विश्राम

**नई दिल्ली**
महाराष्ट्र से भाजपा की राज्यसभा सदस्य मेधा विश्राम कुलकर्णी ने सोमवार को सदन में पुणे को राजधानी, तेजस और वंदे भारत जैसी हाई स्पीड ट्रेनों की कनेक्टिविटी देने की मांग की। मेधा विश्राम कुलकर्णी ने शून्यकाल के दौरान सदन में पुणे की रेल कनेक्टिविटी की समस्या और हाई स्पीड ट्रेन की मांग पर सदन का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि पुणे से दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और हैदराबाद जैसे प्रमुख महानगरों तक राजधानी, तेजस, वंदे भारत जैसी उच्च गति ट्रेन उपलब्ध नहीं हैं।

## हॉकी इंडिया ने 7वें वार्षिक पुरस्कार के लिए नामित किए खिलाड़ी

**नई दिल्ली**
हॉकी इंडिया ने सोमवार को हॉकी इंडिया 7वें वार्षिक पुरस्कार 2024 के नामित खिलाड़ियों की आधिकारिक घोषणा कर दी है। यह प्रतिष्ठित समारोह 15 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष का आयोजन अब तक का सबसे बड़ा होगा, जिसमें लगभग 12 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई है और भारतीय हॉकी के बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। कुल आठ श्रेणियों में 32 नामांकित खिलाड़ियों को अंतिम सूची में पूरे हॉकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है >







# डीएम ने की जल निगम, सिंचाई एवं नलकूप विभाग की समीक्षा बैठक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। डीएम मधुसूदन हुल्गी** द्वारा कार्यालय कक्ष में जल निगम, सिंचाई एवं नलकूप विभाग की समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई से जनपद में संचालित नहरों में टेल तक पानी पहुॅच रहा है कि नहीं इसकी जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया कि लगातार नहरों की मॉनीटरिंग करते रहें। नहरों में पानी की उपलब्धता निर्वाध रूप से बनी रहें एवं किसानों को सिंचाई में किसी भी प्रकार की समस्या न आने पाये।



जिलाधिकारी ने नलकूप की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता नलकूप को निर्देशित करते हुए कहा कि जहॉ कहीं पर भी नलकूपों का रिबोर होना है, उसकी पूरी जानकारी उपलब्ध कराते हुए तत्काल रिबोर कराने की कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गांवो में `लगातार भ्रमण कर नलकूपों का निरीक्षण करते रहें, जहॉ कहीं पर भी नलकूपों के मरम्मत की जरूरत है, तत्काल मरम्मत कार्य कराकर नलकूपों को चालू कराया जाय एवं किसानों को सिंचाई में किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाये।जिलाधिकारी ने पूर्व में मण्डलायुक्त की बैठक में अधिशासी अभियंता नलकूप द्वारा बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने पर कठोर चेतावनी जारी की। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम से पेयजल योजनाओं के सम्बन्ध में कराये गये कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। इसकी लगातार मॉनीटरिंग अधिशासी अभियंता द्वारा स्वयं की जाय।

उन्होंने तीनों अधिशासी अभियंताओं को हर तहसील दिवस में

उपस्थित रहनें एवं किसानों से उनकी समस्याओं को सुनने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आप सभी लगातार जनप्रतिनिधियों, गांव के किसानों, किसान संगठनों एवं ग्राम प्रधानों के साथ लगातार चर्चा करें एवं उनसे मिलें, जो भी समस्यायें हों, उनको दूर करायें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव एवं अपर जिलाधिकारी उपस्थित रहें।


## कच्ची शराब बरामद, मौके से 60 किग्रा लहन को नष्ट कराया गया



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। पुलिस अधीक्ष**क फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं निष्कर्षण व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को क्षेत्राधिकारी जाफरगंज के पर्वेक्षण में थाना चांदपुर पुलिस द्वारा छापेमारी के दौरान अभियुक्त करन सिंह पुत्र मुन्नू सिंह निवासी ग्राम केवलापुर थाना चांदपुर जनपद फतेहपुर मौके से फरार हो गया, जिसके घर से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब, 60 किग्रा लहन तथा मिट्टी के चूल्हे व भट्टियों को बरामद किया गया। बरामद लहन व भट्ठी को मौके पर ही नष्ट कराया गया। छापेमारी के दौरान विडियों बनाई गई तथा अभियुक्त के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक एवं विधिक कार्यवाहीं नियमानुसार की जा रही है।

## पुलिस ने पति-पत्नी की विवाद को सुलझाया साथ रहने को हुए राजी





**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। पति-पत्नी के मध्य पारिवारिक विवाद से संबंधित मामलों में मध्यस्थता/ काउंसलिंग के** क्रम में सोमवार को प्रभारी निरीक्षक संगीता सिंह व काउंसलर सदस्य सुरेश चन्द्र जायसवाल व बिंदकी से काउंसलर सदस्य डॉ0 सुमन श्रीवास्तव द्वारा 02 प्रकरण में समझौता कराया गया । मौके पर सहयोगार्थ पुलिस लाइन से म0का0 यशस्वी शर्मा , म0 का0 ममता शर्मा व म0 का0 मनीषा यादव, शिल्पा देवी थाना बिंदकी से मौजूद रही।

## चोरी का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, नगदी बरामद



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। पुलिस** अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर देवा पुलिस चोरी लौट के आरोपियों की तलाश में मकबरा की सूचना पर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर नगदी बरामद करते हुए लिखा पड़ी किया। थाना देवा पुलिस टीम द्वारा सोमवार को अभियुक्त रामनरायन पुत्र स्व0 बैजनाथ निवासी ग्राम हाजीपुर थाना देवा जनपद बाराबंकी को भयारा मोड़, देवा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमे से सम्बन्धित 2,100 रुपए बरामद किया गया।

## तमंचा जिन्दा कारतूस बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। पुलिस अधीक्ष**क दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जैदपुर पुलिस अपराधियों की तलाश में एक युवक को तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिखा पड़ी करते हुए जेल भेज दिया।

थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त निजामुद्दीन पुत्र बदरूद्दी निवासी मो0 बड़ापुर कस्बा व थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा .12 बोर व एक जिन्दा कारतूस .12 बोर बरामद किया गया।

## टिकैतनगर पुलिस ने 6 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, 97 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी। थाना टिकै**तनगर पुलिस टीम द्वारा देर रात को अभियुक्तगण राजेश घरूक पुत्र स्व0 गंगाराम निवासी ग्राम मांझा रायपुर थाना टिकैतनगर बाराबंकी, संगम गोड़िया पुत्र मुन्ना, अर्जुन पुत्र पन्ना निषाद निवासीगण ग्राम परसावल थाना टिकैतनगर बाराबंकी, राम चरण पुत्र सुन्दल लाल निवासी ग्राम मांझा रायपुर थाना टिकैतनगर बाराबंकी, धनलाल पुत्र मुन्ना, मनोज गोड़िया पुत्र बिहारी निवासीगण ग्राम परसावल थाना टिकैतनगर बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 97 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया।

## पंपलेट बाटकर महिलाओं को किया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर । पुलिस अधीक्षक** धवल जायसवाल के निर्देशन में जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर एण्टी रोमियो टीम द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि तथा सहायतार्थ उपलब्ध कराये गये विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया ।

## गैरइरादतन हत्या के 2 वांछित गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। एसपी के** निर्देश पर जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस पुलिस उ0नि0 दिलीप कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा 2 वांछित अभियुक्तों मिथुन सरोज पुत्र सन्तोष सरोज . गोविन्द सरोज पुत्र सुखराम निवासीगण ग्राम फैजुल्लापुर थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को खोपा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से आला कत्ल एक कुल्हाड़ी व एक लाठी बरामद किया गया।

## वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। सोमवार को** थाना पिपरी के उपनिरीक्षक भगवान यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त मिथलेश उर्फ झल्लर उर्फ झल्लू पुत्र राम बहादुर निवासी तिलगोळी थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

## 50 लीटर अवैध शराब के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। जनपद** में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल 03 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 50 ली0 अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों का चालान माननीय न्यायालय किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। जनपद में** चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 160 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे 13 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मार**पीट व शांति भंग करने के आरोप में ( थाना मंझनपुर से 01, थाना पश्चिम शरीरा से 05, थाना पिपरी से 01, थाना चरवा से 02, थाना कोखराज से 01, मोहब्बतपुर पइन्सा से 03 ) कुल 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान मा० न्यायालय किया गया।

## बैंकों द्वारा सही जानकारी न देने पर जिलाधिकारी नाराज




**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। जिला**धिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति (डीएलआरसी) की बैठक की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने गत बैठक में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा के दौरान कहा कि जनपद में कार्यरत बैंको की कुल जमा धनराशि का ऋण-जमानुपात भारतीय रिजर्व बैंक के निर्धारित मानक से कम न होने पाये। उन्होंने कहा कि बैंक आफ बड़ौदा, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया एवं अन्य बैंको द्वारा निरस्त किये गये आवेदन पर सही जानकारी न दिये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जो भी आवेदन निरस्त किये जा रहें हैं, उन पर पुनः विचार किया जाय एवं उस आवेदनकर्ता को बुलाकर जो भी कमियॉ हो, उसे दूर कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करायें। उन्होंने उद्यान, मत्स्य, खादी ग्रामोद्योग एवं उद्योग विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्वयं भी जाकर बैंको में बात-चीत करें एवं लाभार्थियों को अपने साथ ले जाकर अधूरी कमियों को आपसी समन्वय बनाकर दूर कराते हुए उन्हें लाभान्वित करायें। उन्होंने सभी बैंकर्स को निर्देशित किया कि विभिन्न योजनाओं के ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित कर दिया जाय, कोई आवेदन लम्बित न रहने पाये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी ऋण आवेदन स्वीकृत हो गये हैं, उन्हें शीघ्र वितरित कर दिया जाय। उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पीएम स्वनिधि योजना, एक जनपद-एक उत्पाद एवं स्वयं सहायता समूह आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने तथा स्वीकृत आवेदनों को वितरित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं बैंकर्स को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें, जिससे आवेदनकताओं/लाभार्थियों को किसी प्रकार की समस्या न होने पाये।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव एवं सहायक प्रबन्धक नाबार्ड अनिल शर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## 110 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, तीन गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। पुलिस** अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं निष्कर्षण व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को क्षेत्राधिकारी बिंदकी के पर्वेक्षण में थाना बिंदकी पुलिस द्वारा छापेमारी के दौरान अभियुक्तगण शोभित . जैनेन्द्र उर्फ गोलू . प्रमोद उर्फ भालू नि०गण छोटेलालपुर थाना बिन्दकी जनपद फतेहपुर के कब्जे से 50-50 व 10 लीटर की तीन प्लास्टिक की पिपिया में कुल 110 लीटर कच्ची देशी शराब नाजायज बरामद किया गया। छापेमारी के दौरान विडियों बनाई गई तथा अभियुक्तगण के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक एवं विधिक कार्यवाहीं नियमानुसार की जा रही है।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने मंझनपुर में किया पैदल भ्रमण



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी। आग**ामी त्यौहार होली व रमजान के दृष्टिगत जनपद में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए एवं आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह द्वारा थाना मंझनपुर पुलिस के साथ कस्बा मंझनपुर में पैदल गस्त की गई तथा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की गई। भ्रमण के दौरान लोगों से संवाद कर त्यौहारों को आपस में समन्वय, सौहार्द व शांति के साथ मनाने अपील की गयी ।

## लंबित विवेचना की कप्तान की समीक्षा, निस्तारण के दिए निर्देश



**ब्यूरो चीफ**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना चरवा पर थाना चरवा व थाना संदीपनघाट के सभी विवेचकों का अर्दली रूम किया गया। इस दौरान लम्बित विवेचनाओं के सम्यक समयबद्ध और गुणवत्तापरक निस्तारण एवं अपराध नियन्त्रण के सम्बन्ध में समीक्षा की गई एवं सभी को आगामी त्यौहार होली व रमजान को सकुशल संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी चायल, थानाध्यक्ष संदीपन घाट विजेंद्र सिंह, थानाध्यक्ष चरवा उपस्थित रहे।

## जनपद में यातायात व सुरक्षा व्यवस्था को सकुशल सम्पन्न कराने पर एएसपी व सीओ हुए सम्मानित



**स्वाती मिश्रा**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी । पुलिस** कार्यालय स्थित दुगार्भाभी सभागार में, "पूर्व सैनिक कल्याण समिति जनपद कौशाम्बी" के अध्यक्ष दशरथ लाल करवरिया ( हवलदार ), संस्थापक शारदा प्रसाद वर्मा एवं अन्य सदस्यगणों द्वारा, 26 जनवरी 2025 ( गणतन्त्र दिवस ) को पुलिस लाइन कौशाम्बी में सम्पन्न हुई उत्कृष्ट परेड एवं महाकुंभ-2025 के अवसर पर जनपद में उत्कृष्ट कानून व्यवस्था कायम रखने तथा यातायात को सुरक्षित एवं सुचारू रूप से संचालन हेतु जनपद कौशाम्बी के समस्त पुलिस कर्मियों के कार्यों की सराहना की गयी । जनपद में उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए बृजेश कुमार श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी को स्मृति चिन्ह ( शील्ड ) व पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया । तदुपरान्त गणतन्त्र दिवस परेड के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम कमाण्डर क्षेत्राधिकारी शिवांक सिंह को स्मृति चिन्ह ( शील्ड ) व पुष्प गुच्छ प्रदान किया गया ।

पूर्व सैनिक कल्याण समिति द्वारा जनपद कौशाम्बी पुलिस की सराहना करते हुये अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश विश्वकर्मा व क्षेत्राधिकारी यातायात जनेश्वर प्रसाद पाण्डेय को भी जनपद में यातायात/सुरक्षा व्यवस्था को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मान प्रकट करते हुये उत्साहवर्धन किया गया ।

कार्यक्रम के अन्त में पुलिस अधीक्षक द्वारा सैनिक कल्याण समिति के पदाधिकारीयों को उत्साहवर्धन करने हेतु आभार प्रकट किया गया तथा आगामी त्यौहारों में सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की गयी ।

इस दौरान पूर्व सैनिक कल्याण समिति के वरिष्ठ सलाहकार राजमन पाल, तहसील अध्यक्ष नायक नथन पाल, सुबेदार मेजर नरेन्द्र तिवारी, कैप्टन अवधेश मिश्रा, कैप्टन अनिल कुमार त्रिपाठी, कैप्टन कृष्णा दत्ता, जेसीओ राजेश कुमार यादव, सार्जन्ट धनन्जय सिंह, हवलदार राम सिंह पाल, हवलदार भोला नाथ व पुलिस के अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

## डीपी एक्ट का वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर। पुलिस** अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा डीपी एक्ट से संबंधित वारंटी अभियुक्त सतेन्द्र सिंह पुत्र जवाहर सिंह निवासी आवास विकास तिराहा सिविल लाइन थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायलय भेजा गया ।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम**

प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय थाना कोतवाली. उ0नि0 विनीत कुमार उपाध्याय चौकी प्रभारी आबूनगर थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर।

# पत्रकारिता एक चुनौती पूर्ण जोखिम भरा कार्य- राजकुमार पटेल

## पत्रकारों ने पद गोपनीयता की ली शपथ

## आइकार्ड वितरण समारोह का आयोजन

**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर। पत्रकारिता एक चुनौती** पूर्ण जोखिम भरा कार्य है इसे निष्ठा ईमानदारी के साथ कार्य करने वालों की समाज और प्रशासन के बीच एक अलग पहचान बनती है उक्त बातें सोमवार को थरवई में इलाहाबाद पत्रकार एसोसिएशन की ओर से पत्रकार परिचय पत्र का वितरण समारोह एवं शपथ ग्रहण समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि इलाहाबाद पत्रकार एसोसिएशन के जिया अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने कही ।उन्होंने कहा कि आज का युग बाजारीकरण का युग है ऐसे में हम सब को एक सजग प्रहरी बनकर कार्य करना चाहिए।अध्यक्षता संगठन के संरक्षक सुभाष चंद्र मिश्र ने किया। नवनियुक्त जिला महामंत्री चंद्रभान सरोज और गंगापार महामंत्री अमर बहादुर चौरसिया को सम्मानित किया गया। संगठन की ओर से सत्र 2025 का सभी पत्रकारों को परिचय पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी पत्रकारों ने अपने कर्तव्य को ईमानदारी व निष्ठा से करने के लिए पद गोपनीयता की शपथ ली।



समारोह में वक्ताओं ने पत्रकार की सुरक्षा और उनसे जुड़ी समस्याओं के साथ साथ पत्रकार डायरी और अन्य कार्यक्रमों को संपन्न कराने के लिए भी चर्चा किया गया। समारोह में पत्रकार मौजीलाल रावत, चंद्रभान बिंद, हरिओम प्रकाश,विजय चन्द्र विश्वकर्मा,जय कुमार,महेंद्र शुक्ला, गोपी केसरवानी, विजय पटेल, अनिल सोनी, शिव पंकज यादव, धीरेंद्र केसरवानी, धनंजय पांडेय, रमेश यादव, हरिप्रकाश गुप्ता, हरिओम, विजय चंद्र विश्वकर्मा, रामकुमार प्रजापति, अंकित मिश्रा, महेंद्र वैश्य, अश्वनी मिश्रा, विपिन उपाध्याय आदि दर्जनों पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

## मैलहन के जर्जर स्कूल भवन में चल रहा राजकीय यूनानी चिकित्सालय



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर। मैलहन ग्राम** सभा में अर्सा बीसों वर्ष पूर्व राजकीय यूनानी चिकित्सालय की स्थापना हुई थी। चार लोगों पर आधारित उक्त अस्पताल का अभी तक अपना भवन नहीं है उर्दू अरबी के एक मदरसे के जर्जर भवन में अर्सा से उक्त अस्पताल चल रहा है। जिसमें एक कमरे में डॉक्टर बैठते हैं तो बगल के कमरे में दवाये वितरित होती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मैलहन से अच्छा यूनानी चिकित्सालय चलता है यहां पर्याप्त दवायें रहती हैं जो मरीजों को बन्द डिब्बों व शीशियों में पैक मिलता है। इसलिए यहां मरीजों की संख्या अधिक होती है। यूनानी चिकित्सक डॉक्टर जोशी जब से यहां नियुक्त है, तब से मरीजों की संख्या में अच्छी खासी वृद्धि हुई है। ग्रामीणों ने उक्त अस्पताल का अपना भवन बनवाने अथवा पीएचसी मैलहन में कोरोना की खाली पड़ी बिल्डिंग में शिफ्ट करने की मांग की है।

# फूलपुर में मौजी लाल रावत पांचवीं बार बने पत्रकार संघ अध्यक्ष

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर। इलाहाबाद पत्र**कार एसोसिएशन द्वारा जनपद भर के पत्रकारों की एक बैठक आयोजित की गई जिसमे पत्रकारों को परिचय पत्र वितरण करते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया गया जिसमे पदाधिकारियों का चुनाव के दौरान सर्व सम्मति से मौजी लाल रावत को फूलपुर तहसील क्षेत्र का अध्यक्ष पांचवीं बार चुना गया महामंत्री के रूप में हरिओम प्रकाश और कोषाध्यक्ष पर विजय चन्द्र विश्वकर्मा बनाए गए। इस दौरान जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल और महामंत्री चंद्र भानू सरोज तथा अमर बहादुर चौरसिया सहित सभी पत्रकारों ने बधाई देते हुए कहा कि रावत जी एक निर्भीक और तेज तर्रार लेखनीय के लिए जाने जाते है जो हमेशा सच्च को उजागर करते रहते है समाज में एक सजग प्रहरी के रूप में समाज की समस्याओं को उजागर कर शासन प्रशासन की कुंभ करणी नींद से



जागने का काम करते है जिससे गरीबों को न्याय मिल सके। इस दौरान मौजी लाल रावत ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए निरंतर संघर्ष करता रहूंगा साथ ही पत्रकारिता के हित में काम करने साथ ही पत्रकारों की समस्याओं के निस्तारण के लिए सदैव कार्य करता रहूंगा। उक्त मौके निर्वाचित तहसील अध्यक्ष को फूल माला पहना कर उनका तथा उनके साथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पत्रकार सुभाष चंद्र गुप्ता, हरिओम प्रकाश,विजय चन्द्र विश्वकर्मा,जय कुमार,धर्मेंद्र कुमार गुप्ता,शरद चौरसिया,शिवबाबू चौरसिया,सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे
डल्ली ं३ॅ३ौल्ल३

# यूपी बोर्ड परीक्षा 2.13 लाख परीक्षार्थियों ने छोड़ी

## हाईस्कूल, इण्टर की परीक्षा में आज शामिल होंगे 2869973 परीक्षार्थी

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड के हाई स्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षा आज 213297 परीक्षार्थियों ने छोड़ दी है। पहली पाली में हाई स्कूल में चित्रकला व रंजन कला और इण्टर मीडिएट के विषय काष्ठ शिल्प कला, ग्रंथ शिल्प, सिलाई शिल्प व व्यवसायिक वर्ग के विषयों की परीक्षा हुई जिसमें 187209 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। दूसरी पाली में हाई स्कूल में आईटी, आईटीईएस एवं इण्टरमीडिएट में भूगोल, कृषि भौतिकी एवं जलवायु विज्ञान तृतीय प्रश्न-पत्र व कृषि जन्तु विज्ञान अष्टम प्रश्नपत्र की परीक्षा हुई जिसमें 26088 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी है।
यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि परीक्षा के दौरान आज कोई नकलची और अन्य नहीं पकड़ा गया है?। नकल करते हुए परीक्षा में अभी तक कुल 29 परीक्षार्थी पकड़े गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान 101 साल्वर, कक्ष निरीक्षक और केन्द्र व्यवस्थापक नकल कराने के आरोप में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है।
यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि मंगलवार 11 मार्च को दोनों पालियों की परीक्षा में 2869973 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल के विषय सामाजिक विज्ञान में 2712528 एवं इण्टरमीडिएट के व्यावसायिक वर्ग के विषयों में 35031 कुल 2747559 परीक्षार्थी शामिल होंगे। द्वितीय पाली हाईस्कूल के सिलाई में 2130 और इण्टर में संस्कृत, कृषि अभियंत्रण चतुर्थ प्रश्न पत्र, कृषि पशुपालन तथा कृषि चिकित्सा विज्ञान नवम प्रश्न पत्र में 120284 कुल 122414परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

## महाकुम्भ में प्रयागराज मण्डल ने यात्री परिवहन से अर्जित किए १६० करोड़ रुपये

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। महाकुम्भ** के दौरान प्रयागराज मण्डल के चार स्टेशन प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, नैनी एवं सूबेदारगंज सहित प्रयागराज क्षेत्र के ९ स्टेशनों से श्रद्धालुओं को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध करायीं गयीं। इस दौरान प्रयागराज मण्डल नें ११ जनवरी से २८ फरवरी तक यात्री परिवहन से १५९.२० करोड़ रुपये की आय अर्जित की।
जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि प्रयागराज मण्डल ने कुम्भ २०१९ के दौरान ८६.६५ करोड़ रुपये आय अर्जित की थी। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रयागराज मण्डल ने संगम क्षेत्र के त्रिवेणी रोड और फोर्ट रोड स्थित रेलवे मेला कैम्प में रेलवे टिकट काउन्टर बनाए थे। इन कैंपों में यात्री टिकट के लिए ७ यूटीएस, ४ एटीवीएम और २ पीआरएस काउंटर लगाए थे। ११ जनवरी से २८ फरवरी तक १.६० लाख से अधिक श्रद्धलुओं ने टिकट खरीदे। इससे रेलवे को ३.११ करोड़ रुपये प्राप्त हुए। पीआरओ ने बताया कि एमयूटीएस ने अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इसके अतिरिक्त रेलवे के चेकिंग स्टाफ द्वारा ४ लाख से अधिक श्रद्धालुओं को यूटीएस टिकट प्रदान किए गए और इससे रेलवे को ६ करोड़ रुपये से अधिक आय प्राप्त हुई।उन्होंने बताया कि महाकुम्भ के दौरान प्रयागराज मेला क्षेत्र के चार स्टेशन प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, नैनी एवं सूबेदारगंज पर अनारक्षित टिकट में डिजिटल भुगतान की सुविधा का बड़ी सख्या में प्रयोग किया गया और डिजिटल भुगतान का प्रतिशत ७ज से बढ़कर १२.५ज हो गया। मेला अवधि के दौरान श्रद्धालुओं को १६८० वाणिज्यिक कर्मचारियों ने सेवाएं प्रदान की। वित्तीय वर्ष २०२४-२५ में प्रयागराज मण्डल का ६६.३५ मिलियन यात्रियों के परिवहन का लक्ष्य था। लेकिन शानदार प्रदर्शन करते हुए फरवरी २०२५ तक ७०.१ मिलियन यात्रियों का परिवहन किया जा चुका है।

## चार परीक्षा केन्द्रों पर गड़बड़ी, हटाये गये केंद्र व्यवस्थापक

## डीआईओएस के नेतृत्व में चार दोस्तों ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। जिला विद्यालय** निरीक्षक पीएन सिंह ने आज चार परीक्षा केन्द्रों पर गड़बड़ी मिलने पर केन्द्र व्यवस्थापक को तुरंत हटाकर नये केंद्र व्यवस्थापकों की नियुक्ति किया है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज में प्रथम पाली में हाई स्कूल में चित्रकला, रंजन कला और काष्ठ, शिल्प आदि एवं दूसरी पाली में इंटरमीडिएट में भूगोल, भौतिक, कृषि और जंतु विज्ञान की परीक्षाएं आज संपन्न हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह ने बताया कि परीक्षा केन्दो की जांच के लिए चार दस्ते निकले थे। परीक्षा केंद्र एसपीएस इंटर कॉलेज वजीरपुर, कुंभौना पर अनियमित पाई गई, इस पर केंद्र व्यवस्थापक राजीव कुमार त्रिपाठी को हटाकर उनके स्थान पर सहायक अध्यापक पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज समाहन, उरूवा के सहायक अध्यापक संजय सिंह को नया केन्द्र व्यवस्थापक बनाया गया है। रामलाल इंटर कॉलेज गुलचपा सैदाबाद में अनियमितता मिलने पर रण विजय सिंह को हटाकर उनके स्थान पर अरविंद कुमार केसरी सहायक अध्यापक पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज समहन को केन्द्र व्यवस्थापक बनाया गया है। सीताराम सिंह इंटर कॉलेज बाबूगंज फूलपुर का औचल निरीक्षण किया गया हश। यह विद्यालय फूलपुर तहसील का उप संकलन केंद्र बनाया गया है, इस विद्यालय के प्रधानाचार्य चन्द्र शेखर का परीक्षा सहित उप संकलन केंद्र से संबंधित कार्यों को संतोषजनक रूप से न किए जाने के कारण उन्हें केंद्र व्यवस्थापक के दायित्व से हटाते हुए उनके स्थान पर इस विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता सुदीप कुमार शर्मा को नया केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त किया गया है। डीआईओएस पीएन सिंह ने बताया कि उक्त सभी केन्द्रों की परीक्षाएं राजकीय विद्यालयों से नियुक्त केंद्र व्यवस्थापक संपन्न कराएंगे ।उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान आज नकल रोकने के लिए चार दोस्तों ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। डीआईओएस पीएन सिंह ने बताया कि परीक्षा में लगभग 92% परीक्षार्थी शामिल हुए थे ।प्रथम पाली की परीक्षा 364 केन्द्रो पर तथा द्वितीय पाली में 156 केन्द्रों पर परीक्षा संपन्न हुई।

## सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी व उसके भाई की रंगदारी मांगने के मामले में जमानत मंजूर

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। कानपुर की** सीसामऊ सीट से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी की इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जमानत की मंजूर कर ली है। रंगदारी मांगने के आरोप में दोनों भाई दो साल से जेल में बंद हैं।जमानत अर्जी पर कोर्ट ने बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। जस्टिस राजबीर सिंह की सिंगल बेंच ने दोनों की जमानत अर्जी मंजूर कर ली हैकानपुर के जाजमऊ थाने में इरफान सोलंकी व उनके भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। गुंडा टैक्स वसूलने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एफआईआर दर्ज है। हालांकि जमानत अर्जी मंजूर होने के बाद भी दोनों भाई जेल से बाहर नहीं आ पायेंगे। क्योंकि इरफान सोलंकी और रिजवान सोलंकी को अभी गैंगस्टर के मुकदमे में जमानत नहीं मिली है।इरफान सोलंकी की गैंगस्टर के साथ-साथ फर्जी आधार कार्ड पर ट्रैवल करने वाले मामले में भी जमानत पेंडिंग है।इरफान सोलंकी और रिजवान सोलंकी की तरफ से अधिवक्ता इमरान उल्लाह और विनीत विक्रम ने पक्ष रखा था। जबकि सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने बहस पूरी की थी।

## महाकुंभ की सफलता में स्वच्छता कर्मियों का सहयोग: कौशल्या नंद गिरी




**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज । आर्य** कन्या डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से महाकुंभ में स्वच्छता का संदेश फैलाने वाले स्वच्छता कर्मियो का सम्मान तथा महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को आज कालेज सभागार में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य और किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्या नंद गिरी महाराज ( टीना मां) थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासी निकाय के अध्यक्ष पंकज जयसवाल ने किया ' मुख्य अतिथि उप्र किन्नर वेलफेयर बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य और किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरी महाराज ( टीना मां) ने कहा कि इन स्वच्छता कर्मियों के कठिन परिश्रम की वजह से यह महाकुंभ इतना सफल हो सका जिसकी आज चारों तरफ प्रशंसा हो रही है। अध्यक्षता कर रहे शासी निकाय के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने कहा कि यह स्वच्छता कर्मी नहीं, भगवान के समान है हम सबको इनका सम्मान करना चाहिए और महिला दिवस के अवसर पर इन हमारी स्वच्छता कर्मी महिला बहनों के सम्मान से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता है। सभी का स्वागत कालेज की प्राचार्य प्रो अर्चना पाठक ने तथा संचालन व संयोजन डॉ रंजना त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में डायरेक्टर ममता गुप्ता, प्रो इभा सिरोठिया, प्रो अंजू, प्रो नीलांजना, डॉ सुधा, डॉ दीपशिखा, डॉ सब्यसाची, डॉ अनुपमा, डॉ आरती, डॉ. भारतीसमेत बड़ी संख्या में छात्राएं तथा शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## हाईकोर्ट ने एएसआई से मांगा हलफनामा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट** ने आज सम्भल जामा मस्जिद में बाहर से पुताई कराने को लेकर एएसआई से हलफनामा मांगा है। कोर्ट ने एएसआई से पूछा कि वहां पुताई की आवश्यकता है कि नहीं। और यदि है तो उसे बाहर से पुताई कराने में क्या परेशानी है। कोर्ट ने महाधिवक्ता से कलेक्टर व मस्जिद कमेटी के बीच वर्ष १९२७ में हुए करारनामा उपलब्ध कराने को कहा है। हाईकोर्ट इस मामले की पुनः १२ मार्च को सुनवाई करेगी।हाईकोर्ट ने इस बीच एएसआई को कहा है कि वे पुताई को लेकर बाहर से अपनी रिपोर्ट देंगे। इसे लेकर मस्जिद में अंदर जाने की जरूरत नहीं है। हाईकोर्ट के आदेश पर सम्भल जामा मस्जिद परिसर में सफाई कार्य हो गया है। रंगाई पुताई के मामले में एएसआई की रिपोर्ट पर संभल जामा मस्जिद की इंतजामिया कमेटी की तरफ से आपत्ति दाखिल की गई थी। आज एएसआई ने भी जवाब दाखिल किया। साथ ही कोर्ट ने पूर्व में पारित अंतरिम आदेश तब तक के लिए बढ़ा दिया है।
यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने दिया है। पिछली डेट पर इंतजामिया कमेटी की ओर से सीनियर एडवोकेट एसएफए नकवी एवं अधिवक्ता जहीर असगर ने एएसआई की रिपोर्ट के जवाब में आपत्तियों के साथ शपथ पत्र प्रस्तुत किया था। राज्य सरकार के लिए महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र, मुख्य स्थायी अधिवक्ता कुणाल रवि सिंह और एएसआई की ओर से मनोज कुमार सिंह ने पूरक शपथ पत्र दाखिल किया था। उन्होंने बताया था कि कोर्ट के निर्देश के अनुसार सफाई का कार्य पहले ही शुरू हो चुका है। इस पर इंतजामिया कमेटी के अधिवक्ता ने कोई आपत्ति नहीं जताई थी।महाधिवक्ता ने बताया कि विवादित मस्जिद के आसपास राज्य अधिकारियों द्वारा कानून और व्यवस्था बनाए रखी गई है। वीडियो कॉन्प्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित अधिवक्ता हरि शंकर जैन ने बताया कि गत दिवस उनकी ओर से नोटरी शपथ पत्र दाखिल किया गया है। कोर्ट ने कार्यालय को उसका पता लगाने और अगली तिथि तक रिकॉर्ड पर रखने का निर्देश दिया था।

## श्री राम कथा में सीता माता की खोज कर हनुमान जी ने किया लंका दहन



**सबसे तेज प्रयागराज**

**सिराथू ।** नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के दारानगर कस्बे में चल रही श्री रामकथा में कथा वाचक वेदांती जी महाराज ने श्री राम कथा के आठवें दिन माता सीता की खोज व हनुमान जी द्वारा लंका दहन की कथा सुनाई । कथा में स्वामी वेदांती महराज ने बताया कि माता सीता की खोज के लिए अंगद कहते हैं कि हनुमान जी से शक्तिशाली कोई नहीं है और समुद्र को सिर्फ वही लांघ सकते हैं। लेकिन तब हनुमान जी अपनी शक्तियां भूल चुके होते हैं। तब जामवंत हनुमान जी को उनकी शक्तियां याद दिलाते हैं।शक्तियां याद आने के बाद समुद्र लांघकर वे लंका पहुंच जाते हैं। यहां वे रावण के राजमहल में सीता जी को खोजते हैं, पर वे वहां नहीं मिलती। इसके बाद उनकी मुलाकात विभीषण से होती है, जो सीता माता का पता बताते हैं। रात में वे अशोक वाटिका पहुंचते हैं, जहां सीता जी को विभिन्न राक्षसी डरा रही होती हैं। तभी वहां रावण आता है और उन्हें भय दिखाता है। सीता माता रावण से कहती हैं कि श्री राम उसे लंका सहित संहार कर देंगे। रावण के जाने के बाद हनुमान जी भगवान राम द्वारा दी गई मुद्रिका माता सीता के सामने डालते हैं, जिसे वे पहचान लेते हैं। तभी वे अशोक वृक्ष से उतर उनके सामने आ जाते हैं। यहां पर सीता और हनुमान का बड़ा ही मार्मिक संवाद होता है। इसके बाद हनुमान, सीता जी से अशोक वाटिका में लगे फलों को खाने का निवेदन करते हैं, जिसकी वे आज्ञा दे देती हैं।हनुमान जी रावण के राज उद्यान को तहस-नहस कर देते हैं। जब यह समाचार रावण के मिलता है तो वह अपने पुत्र अक्षय कुमार को भेजता है, जिसका हनुमान जी वध कर देते हैं।
इसके बाद वह मेघनाद को भेजते हैं, जो हनुमान जी को नागपाश में बांध लेता है और रावण के राजदरबार में लाता है। यहां पहुंचकर हनुमान जी रावण को समझाते हैं, लेकिन वह उनकी बात न मानकर उनकी पूंछ में आग लगाने की आज्ञा देता है। पूंछ में आग लगते ही हनुमान जी पूरी लंका का विध्वंस कर देते हैं। श्री राम कथा के आयोजन में रवि मणि तिवारी एवं अश्वनी तिवारी मुख्य यजमान बनकर यज्ञशाला एवं सवा करोड़ सीताराम जाप स्वामी सुदर्शन दास जी महाराज फलाहारी बाबा चित्रकूट धाम के सानिध्य में कार्यक्रम नित्य प्रति किया जा रहा है।कथा में राजेश कुमार मिश्रा, गिरीश शुक्ला, एम , राजेंद्र पांडेय , विनय मिश्रा ,अजय शुक्ल ,ओमनीश तिवारी,बृजेश मिश्रा, दीनानाथ अवस्थी, मनोज पटेल , पत्रकार उमेश मिश्रा, पत्रकार रवि अग्रहरि, मिश्रीलाल, बल्लू यादव, सतीश चंद्र शर्मा, आशु, बब्बू मिश्र, धर्मेंद्र मिश्र, दिप्पू मिश्र, शशि कमल सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

## सरायइनायत पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**राम सिंह यादव**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**झूंसी। पुलिस आयुक्त व** अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त थरवई के कुशल नेतृत्व में जान लेवा हमले में वांछित अभियुक्त चन्द्रशेखर सिंह पुत्र सन्तलाल सिंह निवासीगण ग्राम जगबन्धनपुर थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सरायइनायत पुलिस टीम द्वारा देर रात को थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जगबन्धनपुर स्थित रिंग रोड के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम**

चौकी प्रभारी सहसो शिव प्रताप सिंह. का0 लोकेन्द्र सिंह चौधरी, थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज ।

## बंदर के हमले से छत से गिरि बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान मौत

## सुक्रवार को घर के छत से गिरकर घायल हुए थी बुजुर्ग महिला

**सबसे तेज प्रयागराज**

**लालगोपालगंज प्रयागराज ।** बंदर के हमले से छत से गिरकर घायल बुजुर्ग की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई घटना से घर में दहसत का माहौल है सुक्रवार को घटना ले बाद घायल बुजुर्ग का अस्पताल में इलाज चल रहा था । नवाबगंज थाना क्षेत्र के सोनवर्षा निवासी लल्ली देवी 70 पत्नी स्व देवी प्रसाद सुक्रवार को अपने घर के छत पर बैठी थी तभी अचानक एक बंदर ने बुजुर्ग महिला पर हमला बोल दिया बचाव में भागी बुजुर्ग छत से नीचे गिर गई घटना के बाद आनन फानन में घायल अवस्था मे उसे अस्पताल ले जाया गया जहाँ उसका इलाज चल रहा था सोमवार को बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया घटना से परिजनों का रोरो कर बुरा हाल है।

## संपादक की कलम से

# चुनाव आयोग का स्कैम!

भारत में चुनाव यानी सबसे बड़ा घोटाला है। अंतरराष्ट्रीय भाषा में स्कैम है। उस घोटाले का मुख्य सूत्रधार भारत का चुनाव आयोग ही है। महाराष्ट्र और हरियाणा में भाजपा को जो जीत हासिल हुई है उसकी वजह है डुप्लीकेट मतदाता पंजीकरण। प. बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले भी उस राज्य में डुप्लीकेट वोटर्स का यही खेल शुरू हुआ था, लेकिन समय रहते ममता बनर्जी द्वारा चुनाव आयोग की चोरी पकड़ने के साथ ही चोर ने उल्टा शोर मचाना शुरू कर दिया है। भारत में पिछले दस सालों से ईवीएम घोटाला चल ही रहा था। भाजपा चुनावी फोटो पहचान पत्र यानी ईपीआईसी में घोटाला कर दिनदहाड़े वोट चुरा रही है। प. बंगाल की मतदाता सूची में घुसाए गए लाखों वोटर्स पहले झारखंड-गुजरात-बिहार जैसे राज्यों की मतदाता सूची में भी दर्ज थे और उनका ईपीआईसी भी वही है। यह इस बात का सबूत है कि चुनाव आयोग और भाजपा मिले हुए हैं। १८ सितंबर, २००८ को चुनाव आयोग ने अपनी वेबसाइट पर घोषणा की कि ईपीआईसी नंबर अद्वितीय (यूनिक) होगा। एक को केवल एक नंबर। नंबर डुप्लीकेट नहीं होगा। तो फिर १५ साल बाद लाखों डुप्लीकेट (फर्जी) ईपीआईसी नंबर कैसे मौजूद हैं? तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के सवालों की बौछार पर चुनाव आयोग की सिट्टी-पिट्टी गुम हो गई। उन्होंने पहली बार इस गलती को स्वीकार किया। कई लोगों को डुप्लीकेट ईपीआईसी नंबर दिए जाने की बात स्वीकार करने के बाद यह साबित हो जाता है कि महाराष्ट्र और हरियाणा चुनाव में इसी तरीके से घोटाला किया गया और भाजपा की जीत में चुनाव आयोग ने ही योगदान दिया।

चुनाव आयोग पर तृणमूल का हमला इतना जबरदस्त था कि भूगर्भीय भूकंप से दिल्ली का केंद्रीय चुनाव आयोग हिल गया। चुनाव आयोग का यह खुलासा कि दो अलग-अलग राज्यों में दो मतदाताओं के पास एक ही ईपीआईसी नंबर हो सकता है, बकवास है। एक मतदाता एक नंबर चुनाव आयोग की नीति है। तो फिर डुप्लीकेट नंबरों का यह इंद्रजाल किसके उर्वर मस्तिष्क की उपज है? यह सब हथकंडे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर संदेह पैदा करते हैं। भारत का चुनाव आयोग भोला नहीं है। निष्पक्ष तो बिल्कुल नहीं यह बिल्कुल भी उचित नहीं है। वह भाजपा के चुनावी घोटाले का एक प्रमुख किरदार है। राहुल गांधी ने खुलासा किया कि मुख्य चुनाव आयोग की नियुक्ति असंवैधानिक तरीके से की गई है। जब चुनाव आयोग की चयन प्रक्रिया को लेकर मामला लंबित था तो मोदी और शाह ने जल्दबाजी में अपनी पसंद का चुनाव आयुक्त नियुक्त कर दिया। एक कठपुतली सेवानिवृत्त हो गई, उसके स्थान पर दूसरी कठपुतली नियुक्त हो गई। ये कठपुतलियां देश के लोकतंत्र का काल बन गई हैं। देशभर में अपने पसंदीदा लोगों को मतदाता सूची में डलवाकर चुनाव जीतने की यह एक नई तकनीक है। जो वोटर आईडी नंबर प. बंगाल के वोटरों को दिए गए हैं, वही नंबर गुजरात, हरियाणा, बिहार के वोटरों को वैष्ठसे दिए गए? राज्यों के कई निर्वाचन क्षेत्रों से हजारों नाम बाहर कर और उनकी जगह अपने समर्थक

**डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम**

डाले जाने का नतीजा यह हुआ कि देश के लाखों मतदाता वोट देने के अधिकार से वंचित हो गए। भाजपा और उसके सहयोगियों ने हरियाणा में ६ लाख और महाराष्ट्र में लगभग ४० लाख डुप्लीकेट मतदाताओं की घुसपैठ कराकर चुनाव जीता और सत्ता पर कब्जा कर लिया। यह कोई जनमत नहीं है। यह एक स्कैम या घोटाला है। भारत में ईवीएम घोटाला और चुनावी मतदाता सूचियों के माध्यम से स्कैम पिछले १० वर्षों से चल रहा है। ममता बनर्जी और उनके सहयोगियों ने इस मामले में चुनाव आयोग से सवाल किया और उन्हें अपनी गलती स्वीकार करने पर मजबूर किया। दुनिया झुकती है, झुकानेवाला चाहिए बस! महाराष्ट्र में वोटर फेहरिस्तों पर दिनदहाड़े डाके डाले गए। हाथ में आती जीत ले गए, बावजूद इसके ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग से कड़ा संघर्ष किया। इसीलिए चुनाव आयोग को झुकना पड़ा। महाराष्ट्र और दिल्ली में भी ऐसे संघर्ष दिखाई देने में कोई दिक्कत नहीं थी। केजरीवाल खुद दिल्ली में हार गए। केजरीवाल के अपने निर्वाचन क्षेत्र से, ३१,००० मतदाताओं को हटा दिया गया और ३०,००० नए मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ा गया। जब यह बड़ा स्कैम हो रहा था तो सयानों की पार्टी कही जानेवाली आप ठंडी पड़ गई थी। भाजपा के लोग साजिशकर्ता हैं और उन्होंने नैतिकता की हत्या कर दी है। चूंकि उन्होंने लोकतंत्र, नैतिकता आदि को तिलांजलि दे दी है, इसलिए किसी को भी इस भ्रम में नहीं रहना चाहिए कि भविष्य में चुनाव सीधे तरीके से होंगे। ईवीएम डुप्लीकेट, डुप्लीकेट मतदाता सूचियां, मतदाता पहचान पत्र डुप्लीकेट, इसलिए चुनाव और उनकी जीत भी डुप्लीकेट है। इस घोटाले पर प. बंगाल ने आवाज उठाई। महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा तड़पते रह गए। इसलिए चुनाव आयोग के स्कैम जारी ही रहेंगे।

# जीवन की बुनियाद है परिवार

**डॉ मोनिका**

किसी भी देश में सामाजिक व्यवस्था का ताना-बाना ही जीवन का आधार होता है. यह आधार ही परिवार माना गया है. नयी पीढ़ी को संस्कार देने या एक-दूजे के सुख-दुःख में साथ देने की बात हो, परिवार का महत्व कभी कम नहीं हो सकता. यूं भी भारतीय संस्कृति में परिवार को बहुत अहम बताया गया है. कहने को परिवार समाज की सबसे छोटी इकाई है, पर इसी की बुनियाद पर पूरी सामाजिक व्यवस्था की इमारत खड़ी है.

कोरोना संकट और रिश्तों के बिखराव के इस दौर में परिवार का महत्व और बढ़ा है क्योंकि सुरक्षा, सेहत और संबल हर पहलू के लिए परिवार की भूमिका अहम है. परिवार को वैश्विक समुदाय का लघु रूप कहा जाता है. एक ऐसी इकाई जो स्नेह और सहभागिता की मानवीय समझ को पोषित करनेवाला परिवेश तैयार करती है. वर्ष 2020 की कोरोना आपदा ने फिर से दुनिया को इसी मानवीय समझ और सामुदायिक सरोकारों की सोच की तरफ मोड़ा है.

समझाया है कि परिवार का हिस्सा बनना, अपनों के साथ एक छत के नीचे रहना भर नहीं है. यह एक संपूर्ण जीवनशैली है, जो परिवार के हर सदस्य को सुरक्षा और संबल की सौगात देती है. यह सच भी है, क्योंकि परिवार का हिस्सा होना भर ही उस सोच का आधार बनता है, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है. अपनी जड़ों से जुड़े रहना दुनिया के किसी भी कोने में बसे इंसान के आज और आनेवाले कल दोनों को ही स्थायित्व देनेवाला होता है. संकट में साथ और सहयोग की आशा से लबरेज रखता है. कुछ वर्ष पहले हेल्प एज इंडिया द्वारा किये गये एक सर्वे में सामने आया कि लगभग 40 प्रतिशत भारतीय परिवार संयुक्त परिवार की तरह रह रहे हैं और संस्कृति और संबंध दोनों को सहेजने का काम कर रहे हैं. तमाम दुनियावी बदलावों के बावजूद यह वह कड़ी है, जो नयी पीढ़ी को भी समाज से जोड़े रखती है. हमारे देश की पारिवारिक सुदृढ़ता दुनियाभर में उदाहरण मानी जाती है. कोरोना से उपजी विपदा के दौर में भी परिवार और समाज ने कई मुश्किलों को आसान किया, लोगों का मनोबल बढ़ाया, भय-भ्रम दूर किया. इसी के चलते आर्थिक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक परेशानियों के माहौल में जहां प्रवासी श्रमिक परिवार के पास गांव-कस्बे लौटे, वहीं विदेशों में बसे भारतीयों ने भी अपनों के पास, अपने वतन आने की राह पकड़ी.

न्यूयॉर्क के कॉर्नेल विश्वविद्यालय में भारत में आधुनिकीकरण और घरेलू बदलावों पर हुए अध्ययन के अनुसार, हमारे देश में कोई बड़ा बदलाव नहीं दिखा है. आज भी लोग संयुक्त परिवारों में रहना पसंद कर रहे हैं. कोरोना काल में भले ही सोशल डिस्टेंसिंग के पालन में मुश्किलें आयीं, पर अपने परिवार के साथ रहनेवालों के बीच संबंधों में दूरियां नहीं, बल्कि नजदीकियां बढ़ी हैं. महामारी में अपनों के साथ और संबल ने जीवन सहेजने का काम किया है. यह बात फिर पुख्ता हुई है कि परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, अपनों का साथ हर उम्र के लोगों को हिम्मत देता है. रिश्तों का यह तानाबाना बच्चों को स्नेह बांटना सिखाता है, तो बड़ों को सुरक्षा और सम्मान की सौगात देता है. बुरे हालातों में भी परिवार के सहयोग से विचलित हुए बिना समस्याएं हल की जा सकती हैं.

# हारे का सहारा हैं खाटू के श्री श्याम

**रमेश सर्राफ धमोरा**






राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मंदिर बाबा श्याम जी के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर भारत के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में गिना जाता है। खाटू श्याम जी को भगवान श्रीकृष्ण का कलयुगी अवतार माना जाता है। दानशीलता के कारण बर्बरीक ने बिना किसी सवाल के अपना शीश भगवान श्री कृष्ण को दान दे दिया। इसी दानशीलता के कारण श्री कृष्ण ने कहा कि तुम कलयुग में मेरे नाम से पूजे जाओगे। तुम कलयुग का अवतार कहलाओगे और हारे का सहारा बनोगे। इसलिए उन्हें हारे का सहारा भी कहा जाता है। खाटू श्याम जी के मंदिर में दर्शन के लिए हर दिन लाखों भक्त आते हैं। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। जिसमें देश-विदेशों से आये करीबन 30 लाख श्रद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है।

इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते है। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गईं। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी।

श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे। कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुयी। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोडे पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुये।

भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिये उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापिस तरकस में ही आयेगा। यदि उन्होने तीनो बाणों को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनो लोकों में हाहाकार मच जायेगा। इस पर कृष्ण ने उन्हें चुनौती दी की इस पीपल के पेड के सभी पत्रों को छेद कर दिखलाओ। जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और अपने तुणीर से एक बाण निकाला और ईश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तो की और चलाया।

तीर ने क्षण भर में पेड के सभी पत्तों को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगा। क्योंकि एक पत्ता उन्होनें अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिये वर्ना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस और से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मां को दिये वचन दोहराते हुये कहा कि वह युद्ध में निर्बल और हार की और अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है। अगर बर्बरीक ने उनका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा।

ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की। इस पर वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीश का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिये चकरा गया परन्तु उसने अपने वचन की दृढ़ता जतायी। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तिवक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुन कर बालक ने उनके विराट रूप के दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाया।

उन्होने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमि की पूजा के लिये एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यक्ता होती है। उन्होनें बर्बरीक को युद्ध में सबसे बड़े वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की कि वह अंत तक युद्ध देखना चाहता है। श्री कृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली। फाल्गुन माह की द्वादशी को उन्होनें अपने शीश का दान दिया। उनका सिर युद्धभूमि के समीप ही एक पहाड़ी पर सुशोभित किया गया जहां से बर्बरीक सम्पूर्ण युद्ध का जायजा ले सकते थे।

युद्ध की समाप्ति पर पांडवों में ही आपसी खींचाव हुआ कि युद्ध में विजय का श्रेय किसको जाता है। इस पर कृष्ण ने उन्हें सुझाव दिया कि बर्बरीक का शीश सम्पूर्ण युद्ध का साक्षी है। उससे बेहतर निर्णायक भला कौन हो सकता है। सभी इस बात से सहमत हो गये। बर्बरीक के शीश ने उत्तर दिया कि कृष्ण ही युद्ध मे विजय प्राप्त कराने में सबसे महान पात्र हैं। उनकी शिक्षा, उनकी उपस्थिति, उनकी युद्धनीति ही निर्णायक थी। उन्हें युद्धभूमि में सिर्फ उनका सुदर्शन चक्र घूमता हुआ दिखायी दे रहा था जो कि शत्रु सेना को काट रहा था। महाकाली दुर्गा कृष्ण के आदेश पर शत्रु सेना के रक्त से भरे प्यालों का सेवन कर रही थी।

कृष्ण वीर बर्बरीक के महान बलिदान से काफी प्रसन्न हुये और वरदान दिया कि कलियुग में तुम श्याम नाम से जाने जाओगे, क्योंकि कलियुग में हारे हुये का साथ देने वाला ही श्याम नाम धारण करने में समर्थ होगा। ऐसा माना जाता है कि एक बार एक गाय उस स्थान पर आकर अपने स्तनों से दुग्ध की धारा स्वतरू ही बहा रही थी बाद में खुदायी के बाद वह शीश प्रकट हुआ।

एक बार खाटू के राजा को स्वप्न में मन्दिर निर्माण के लिये और वह शीश मन्दिर में सुशोभित करने के लिये प्रेरित किया गया। तदन्तर उस स्थान पर मन्दिर का निर्माण किया गया और कार्तिक माह की एकादशी को शीश मन्दिर में सुशोभित किया गया, जिसे बाबा श्याम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। मूल मंदिर 1027 ई. में रूपसिंह चैचौहान और उनकी पत्नी नर्मदा कंवर द्वारा बनाया गया था। मारवाड़ के शासक ठाकुर के दीवान अभय सिंह ने ठाकुर के निर्देश पर 1720 ई0 में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। मंदिर इस समय अपने वर्तमान आकार ले लिया और मूर्ति गर्भगृह में प्रतिष्ठापित किया गया था। मूर्ति दुर्लभ पत्थर से बनी है। प्रशासन यहां की व्यवस्था को लेकर पूरा सजग है। जिला प्रशासन व मंदिर प्रबंध कमेटी ने मिलकर खाटू श्याम मंदिर परिक्षेत्र में कई नई सुविधाओं को प्रारंभ किया है। यहां के आम रास्तों को 40 फीट तक चौड़ा किया गया है। मंदिर में दर्शन करने की व्यवस्था में भी आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। इससे मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा हो रही है। सरकार ने यहां के मंदिर परिसर क्षेत्र के विकास की घोषणा की है। जिसका लाभ भी श्रद्धालुओं को ही मिलेगा।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

# गुलाबी को नीले में बदलने की मशक्कत

**(विवेक रंजन श्रीवास्तव -विनायक फीचर्स)**

स्त्री विमर्श पर एक बड़ा लेख लिखकर टहलने निकला था तभी एक रंगरेज से अनायास मुलाकात हो गई । वह बड़ा हैरान परेशान था। पूछ रहा था सर क्या किसी भी तरह गुलाबी रंग नीला बन सकता है। मुझे बडा आश्चर्य हुआ , मैंने पूछा कि आखिर वह यह परिवर्तन क्यों चाहता है। मैने उसे समझाना चाहा कि गुलाबी रंग बड़ा प्यारा लगता है, गुलाब की खुशबू की तरह भीना, मृदुल , प्रभावी। किसी बच्चे सा सम्मोहक । गुलाबी रंग शांति, खुशी, स्थिरता, आशावाद और रचनात्मकता जैसे सकारात्मक भावों से जुड़ा है। यू ट्यूब पर पिंक नाइज से जल्दी ही नींद आ जाती है। यह रंग तनाव और चिंता को कम करने में मदद कर, रचनात्मकता और कल्पना को बढ़ावा देता है । गुलाबी रंग आशावाद और सकारात्मकता का प्रतीक है। जापान में , गुलाबी रंग को पारंपरिक रूप से चेरी के फूलों के साथ जोड़ा जाता है । वहां गुलाबी रंग के वस्त्र पहनने का अर्थ है अच्छा स्वास्थ्य । थाईलैंड में पुरुष शादियों में गुलाबी रंग के कपड़े पहनते हैं । इसे सौभाग्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। कोरिया में गुलाबी रंग विश्वास का प्रतीक है तथा मासूमियत और पवित्रता का प्रतिनिधित्व करता है । बच्चों के खिलौने प्रायः गुलाबी बनाए जाते हैं। फ्रांस तथा अमेरिका सहित पाश्चात्य राष्ट्रों में गुलाबी रंग को स्त्री लिंग से जोड़ा गया है। इस रंग को नारीत्व के प्रतीक के रूप में व्यापारिक स्तर पर सर्वव्यापी उपयोग किया जा रहा है। हिंदू धर्म में, गुलाबी कमल मां लक्ष्मी का आसन माना जाता है। भारत में गुलाब और गुलाल विश्व प्रसिद्ध हैं। इंटीरियर डिजाइनर गुलाबी रंग का उपयोग आरामदायक और शांत वातावरण बनाने के लिए करते है। योग केंद्र की दीवारें प्रायः हल्के गुलाबी रंग से पेंट की जाती है। मिठाई में गुलाबी रंग की चमचम बहुत स्वादिष्ट और मीठी होती है, बेकरी प्रॉडक्ट में गुलाबी आइसिंग सुंदर लगती है।

लड़कियों के कोमल भाव से गुलाबी रंग के साम्य को देखते हुए ही महिलाओं के उपयोग की अधिकांश वस्तुएं पिंक बनाई जाती हैं । पिंक बूथ और पिंक ब्रिगेड , पिंक क्रिकेट से लेकर पिंक बस और पिंक टायलेट तक गुलाबी रंग महिला प्रतीक के रूप में स्थापित है। गुलाबो ग्लैमरस है। गुलाब गैंग की ताकत हम फिल्म में देख चुके हैं।

मैने रंगरेज को अपना रंग ज्ञान बताना जारी रखा, मैंने कहा नीला रंग आकाश और समुंदर का रंग है। शिव ने जब कंठ में विष धारण किया तो उनके कंठ का रंग भी नीला पड़ गया था। नील कमल में विष्णु के वास की कल्पना की गई है। नीला रंग स्थिरता और दिव्य शांति का प्रदाता होता है। शायद इसीलिए पुरुष को नीले रंग के रूपक में प्रदर्शित किया जाता है।

मैंने गुलाबी और नीले रंगों का अपना बौद्धिक ज्ञान झाड़ने के बाद रंगरेज के सम्मुख अपना कौतूहल रखा कि वह पिंक को ब्लू में बदलने की मशक्कत क्यों कर रहा है।

रंगरेज हंस पड़ा , उसने कहा मैं कहां बदलना चाहता हूं सर,यह तो आप जैसे प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों की जिद है । आप ही स्त्री विमर्श पर ढेर किताबें लिख रहे हैं।

समाज के प्रत्येक कार्य में पिंक और नीली कुर्सियां गिन गिन कर खांचे बना रहे हैं। गुलाबी रंग को नीले में तब्दील करने के लिए , फि ल्मों में और विज्ञापनों में लड़कियों की अर्द्ध नग्न खूबसूरती परोसने के लिए खुद लड़कियों को पुरुषों से आगे होने के स्वप्न दिखा कर राजी कर लिया जाता है । नीले कंधे से कंधे मिलाकर चलने का फरेब जता कर गुलाबी पर दोहरा दबाव लाद दिया जाता है । फैशन ने स्त्री को पतलून तो पहना दिया है पर उसकी पायल नहीं उतारी। वह दोहरे चरित्र में जीने को मजबूर है। इस स्त्री विमर्श के चक्कर में झीनी गुलाबी मंहगी ड्रेसेज को अपनी नजाकत के संग लट्ठ नीली रफ टफ जींस की तरह सारे काम भी करने पड़ते हैं और अपनी नैसर्गिक कोमलता भी बचानी होती है।

# हिंदुत्व साम्राज्य का कीर्तिवान ध्वजवाहक पृथ्वीराज चौहान

**- सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**



पृथ्वीराज चौहान भारतीय इतिहास मे एक बहुत ही अविस्मरणीय नाम है! चौहान वंश में जन्मे पृथ्वीराज आखिरी हिन्दू शासक भी थे। महज 11 वर्ष की उम्र मे, उन्होने अपने पिता की मृत्यु के पश्चात दिल्ली और अजमेर का शासन संभाला और उसे कई सीमाओ तक फैलाया भी था, परंतु अंत मे वे राजनीति का शिकार हुये और अपनी रियासत हार बैठे, परंतु उनकी हार के बाद कोई हिन्दू शासक उनकी कमी पूरी नहीं कर पाया। पृथ्वीराज को राय पिथोरा भी कहा जाता था। पृथ्वीराज चौहान बचपन से ही एक कुशल योध्दा थे, उन्होंने युध्द के अनेक गुण सीखे थे। उन्होने अपने बाल्य काल से ही शब्धभेदी बाण विद्या का अभ्यास किया था। धरती के महान शासक पृथ्वीराज चौहान का जन्म 1149 मे हुआ। पृथ्वीराज अजमेर के महाराज सोमेश्वर और कपूरी देवी की संतान थे। पृथ्वीराज का जन्म उनके माता पिता के विवाह के 12 वर्षो के पश्चात हुआ। यह राज्य मे खलबली का कारण बन गया और राज्य मे उनकी मृत्यु को लेकर जन्म समय से ही षड्यंत्र रचे जाने लगे, परंतु वे बचते चले गए। परंतु मात्र 11 वर्ष की आयु मे पृथ्वीराज के सिर से पिता का साया उठ गया था, उसके बाद भी उन्होने अपने दायित्व अच्छी तरह से निभाए और लगातार अन्य राजाओ को पराजित कर अपने राज्य का विस्तार करते गए। पृथ्वीराज के बचपन के मित्र चंदबरदाई उनके लिए किसी भाई से कम नहीं थे।

चंदबरदाई तोमर वंश के शासक अनंगपाल की बेटी के पुत्र थे।। उन्होने पृथ्वीराज चौहान के सहयोग से पिथोरगढ़ का निर्माण किया, जो आज भी दिल्ली मे पुराने किले नाम से विद्यमान है।

अजमेर की महारानी कपुरीदेवी अपने पिता अंगपाल की इकलौती संतान थी। इसलिए उनके सामने सबसे बड़ी समस्या यह थी, कि उनकी मृत्यु के पश्चात उनका शासन कौन संभालेगा। उन्होने अपनी पुत्री और दामाद के सामने अपने दोहित्र को अपना उत्तराअधिकारी बनाने की इच्छा प्रकट की और दोनों की सहमति के पश्चात युवराज पृथ्वीराज को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया। सन 1166 मे महाराज अंगपाल की मृत्यु के पश्चात पृथ्वीराज चौहान की दिल्ली की गद्दी पर राज्य अभिषेक किया गया और उन्हें दिल्ली का कार्यभार सौपा गया। पृथ्वीराज चौहान और उनकी रानी संयोगिता का प्रेम आज भी राजस्थान के इतिहास मे अविस्मरणीय है। दोनों ही एक दूसरे से बिना मिले केवल चित्र देखकर एक दूसरे के प्यार मे मोहित हो चुके थे। वही संयोगिता के पिता जयचंद्र पृथ्वीराज के साथ ईर्ष्या भाव रखते थे, तो अपनी पुत्री का पृथ्वीराज चौहान से विवाह का विषय तो दूर दूर तक सोचने योग्य बात नहीं थी। जयचंद्र केवल पृथ्वीराज को नीचा दिखाने का मौका ढूंढते रहते थे, यह मौका उन्हे अपनी पुत्री के स्वयंवर मे मिला। राजा जयचंद्र ने अपनी पुत्री संयोगिता का स्वयंवर आयोजित किया इसके लिए उन्होने पूरे देश से राजाओ को आमंत्रित किया, केवल पृथ्वीराज चौहान को छोड़कर। पृथ्वीराज को नीचा दिखाने के उद्देश्य से उन्होने स्व्यंवर मे पृथ्वीराज की मूर्ति द्वारपाल के स्थान पर रखी। परंतु इसी स्वयंवर मे पृथ्वीराज ने संयोगिता की इच्छा से उनका अपहरण भरी महफिल मे किया और उन्हें भगाकर अपनी रियासत ले आए। और दिल्ली आकार दोनों का पूरी विधि से विवाह संपन्न हुआ। इसके बाद राजा जयचंद और पृथ्वीराज के बीच दुश्मनी और भी बढ़ गयी।

आज की पीढ़ी इनकी वीर गाथाओ के बारे मेङ्क। बहुत कम जानती है..!! तो आइए जानते है। सम्राट पृथ्वीराज चौहान से जुडा इतिहास एवं रोचक तथ्यङ्क!

(1) प्रथ्वीराज चौहान ने 12 वर्ष कि उम्र मे बिना किसी हथियार के खुंखार जंगली शेर का जबड़ा फाड़ डाला था ।

(2) पृथ्वीराज चौहान ने 16 वर्ष की आयु मे ही महाबली नाहरराय को युद्ध मे हराकर माड़वकर पर विजय प्राप्त की थी।

(3) पृथ्वीराज चौहान ने तलवार के एक वार से जंगली हाथी का सिर धड़ से अलग कर दिया था ।

(4) महान सम्राट प्रथ्वीराज चौहान कि तलवार का वजन 84 किलो था, और उसे एक हाथ से चलाते थेङ्कसुनने पर विश्वास नहीं हुआ होगा किंतु यह सत्य है।।

(5) सम्राट पृथ्वीराज चौहान पशु-पक्षियो के साथ बाते करने की कला जानते थे।

(6) महान सम्राट पृथ्वीराज चौहान पूर्ण रूप से मर्द थे । अर्थात उनकी छाती पर स्तंन नही थे ।

(8) प्रथ्वीराज चौहान 1166 ई। मे अजमेर की गद्दी पर बैठे और तीन वर्ष के बाद यानि 1169 मे दिल्ली के सिहासन पर बैठकर पूरे हिंदुस्तान पर राज किया।

(9) सम्राट पृथ्वीराज चौहान की तेरह पत्निया थी । इनमे संयोगिता सबसे प्रसिद्ध है।

(10) पृथ्वीराज चौहान ने महमुद गौरी को 16 बार युद्ध मे हराकर जीवन दान दिया था।। और 16 बार कुरान की कसम का खिलवाई थी ।

(11) गौरी ने 17 वी बार मे चौहान को धौके से बंदी बनाया और अपने देश ले जाकर चौहान की दोनो आँखे फोड दी थी । उसके बाद भी राजदरबार मे पृथ्वीराज चौहान ने अपना मस्तक नहीं झुकाया था।

(12) महमूद गौरी ने पृथ्वीराज चौहान को बंदी बनाकर अनेको प्रकार की पिड़ा दी थी और कई महिनो तक भुखा रखा था।। फिर भी सम्राट की मृत्यु न हुई थी ।

(13) सम्राट पृथ्वीराज चौहान की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कीङ्कजन्मसे शब्द भेदी बाण की कला ज्ञात थी। जो की अयोध्या नरेश "राजा दशरथ" के बाद।। केवल उन्ही मे थी।

# होली और रमजान त्यौहार को लेकर कप्तान ने पैदल गस्त कर शराब की दुकानों चेक किया





सबसे तेज प्रयागराज
कौशांबी। आगामी त्यौहार होली व रमजान के दृष्टिगत जनपद में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए एवं आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा क्षेत्राधिकारी चायल के साथ थाना चरवा अंतर्गत बेरुआ बाजार में पैदल गस्त की गई तथा शराब की दुकानों एवं संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग की गई। भ्रमण के दौरान लोगों से संवाद कर त्यौहारों को आपस में समन्वय, सौहार्द व शांति के साथ मनाने अपील की गयी तथा सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

## जीएसटी की रिट याचिका को हाईकोर्ट ने किया खारिज



### याची के अधिवक्ता पार्थ गोस्वामी के तर्क पर अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता रवि शंकर पाण्डेय ने रखा सरकार का पक्ष

सबसे तेज प्रयागराज
**प्रयागराज। जीएसटी विभाग से संबंधित एक महत्व**पूर्ण निर्णय में उच्च न्यायालय इलाहाबाद न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल की बेंच ने मेसर्स फेमस इंडिया बनाम उत्तर प्रदेश सरकार एवं 3 अन्य की रिट याचिका को इस आधार पर खारिज कर दिया किया कि जॉब वर्क के लिए परिवहित किया जा रहा माल, चालान एवं अन्य प्रपत्रों से आच्छादित नहीं था। न्यायमूर्ति ने कहा कि ऐसी स्थिति में पारित आदेश में किसी हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है ।

उक्त मामले में, माल गाजियाबाद से मेरठ आ रहा था जो कि प्रपत्रों में घोषित स्थल से भिन्न स्थान पर उतर रहा था।

सचल दल अधिकारी ने समुचित प्रपत्रों के न होने पर कारण बताओ नोटिस के बाद अर्थदंड आदेश जारी कर दिया, बाद में व्यापारी द्वारा दाखिल अपील भी खारिज हो गई।

याची के अधिवक्ता पार्थ गोस्वामी ने कहा कि उसने माल, जॉब वर्क के लिए भेजा था तथा सभी आवश्यक प्रपत्र साथ में थे। सरकार की तरफ से अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता रवि शंकर पाण्डेय ने कहा कि प्रस्तुत चालान समुचित फॉर्मेट में नहीं था तथा व्यापारी द्वारा जीएसटी के रूल 45 और 55 का उल्लंघन किया गया है जिसके आधार पर सचल दल अधिकारी द्वारा धारा 129 में पारित किया गया उक्त अर्थदंड आदेश पूर्णतयाः विधि अनुकूल है।

## दो अभियुक्तों पर दोष सिद्ध, एक - एक हजार का जुर्माना

सबसे तेज प्रयागराज
**प्रयागराज। चलाए जा रहे अभियान "ऑपरेशन कन्विक्शन" के अन्तर्गत पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा अभियोग की समुचित पैरवी** करते हुए साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को न्यायालय में समय से प्रस्तुत कराकर गवाही कराई गयी । जिसमे थाना पूरामुफ्ती पर पंजीकृत मु0अ0सं0 236/15 धारा 323/504/506 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्त श्रीप्रकाश तिवारी पुत्र शम्भूनाथ निवासी मन्दर थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज व रजनीश तिवारी पुत्र स्व0 ओमप्रकाश निवासी मन्दर थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को न्यायालय एसीजेजेडी /एफटीसी-1 कौशाम्बी द्वारा दोषसिद्ध करते हुये धारा 323/504/506 भा0द0वि0 मे प्रत्येक अभियुक्त को 01-01 हजार रुपए के अर्थदण्ड व अर्थदण्ड अदा न करने पर दो - दो दिवस का साधारण करावास से दण्डित किया गया। शासकीय अधिवक्ता विवेक सेन ने जमकर अभियोजन पक्ष को रखा।

## तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार




सबसे तेज प्रयागराज
**प्रयागराज। पूरामुफ्ती** पुलिस ने खालिद हुसैन पुत्र स्व0 जाहिद हुसैन नि0 ग्राम अहमदपुर असरौली थाना पूरामुफ्ती को मुखबिर की सूचना पर पूरामुफ्ती स्थित अहमदपुर असरौली मे ईदगाह के पास से गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर व कारतूस बरामद हुआ है।नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में पुरामुफ्ती थाने के उप निरीक्षक राजेश यादव, हेड कांस्टेबल नागेन्द्र सिंह, विपिन कुमार मौर्या, कांस्टेबल अतुल राय आदि शामिल रहे। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि तमंचा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है।

## पीएम मोदी ने दिल्ली की महिलाओं से झूठ बोलाः आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैबिनेट ने महिलाओं के लिए महिला समृद्धि योजना को मंजूरी दे दी है। महिला समृद्धि योजना को कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद दिल्ली की पूर्व सीएम और नेता प्रतिपक्ष आतिशी की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने वादा किया था कि 8 मार्च को महिलाओं के खाते में पैसे आएंगे, लेकिन ऐसा जाएगी। उन्होंने तो यह भी कहा था कि फोन नंबर को अपने खाते से लिंक करा लो, 8 मार्च को मैसेज आएगा कि आपके खाते में ढाई हजार रुपए पहुंच गए हैं, मगर ऐसा नहीं हुआ।

## काशी विश्वनाथ धाम में रंगभरी एकादशी त्रिदिवसीय लोक उत्सव शुरू, फूलों से होली खेली गई



**वाराणसी**
श्री काशी विश्वनाथ के गौना उत्सव (रंगभरी एकादशी) पारम्परिक रस्मों के साथ शुरूआत हुई। काशी विश्वनाथ धाम में त्रिदिवसीय समारोह में पहले दिन दरबार में बाबा के साथ फूलों की होली खेली गई। बाबा विश्वनाथ एवं मां गौरा की चल रजत प्रतिमा को शास्त्रीय विधि से अर्चना और मंत्रोंच्चार के साथ मंदिर चौक में शिवार्चनम मंच के निकट तीन दिन के लिए विराजित कराया गया। संन्ध्या बेला में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री काशी विश्वनाथ धाम की फूलों की होली में भाग लिया। मंदिर चौक में निरंतर तीन दिनों तक सांस्कृतिक उत्सव के साथ लोक उत्सव का आयोजन भी किया जाएगा।

मंदिर न्यास के अफसरों के अनुसार, पर्व पर श्री कृष्ण जन्मस्थान मथुरा से सांस्कृतिक आदान प्रदान के नवाचार एवं सोनभद्र से वनवासी समाज के पलाश गुलाल के शिवार्पण से शुरूआत होगी। मंदिर में 09 मार्च रविवार को प्रातः काल हल्दी लगाने की प्रथा का निर्वहन होगा। अपराह्न में अबीर होली और सायंकाल गुलाल की होली खेली जाएगी। रंगभरी एकादशी के दिन प्रातःकाल भस्म अर्पण, हल्दी भस्म अर्पण होगा। इसके बाद शाम को ही श्री कृष्ण जन्मस्थान मथुरा से प्राप्त होली सामग्री, वनवासी समाज से प्राप्त पलाश गुलाल एवं काशी भस्म, बाबा विश्वनाथ एवं मां गौरा को अर्पण कर रंगभरी एकादशी मनेगी।

मंदिर न्यास के अनुसार, रंगभरी एकादशी के दिन सायं 4 बजे मंदिर चौक से बाबा के चल रजत विग्रह की पालकी शोभायात्रा समारोहपूर्वक निकाली जाएगी। जिसमें काशी वासी एवं धाम में आए श्रद्धालु भी भाग लेंगे। अफसरों ने बताया कि अधिक से अधिक श्रद्धालु इस लोक आयोजन के अंग बन सकें इस उद्देश्य से इस वर्ष मंदिर चौक के विस्तृत क्षेत्र में उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

लाखों की संख्या में इस वर्ष काशीवासी एवं धाम में आने वाले श्रद्धालुजन इस लोकोत्सव के सहभागी होंगे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा तथा पर्व की भव्यता के दृष्टिगत बाबा विश्वनाथ एवं मां गौरा की पालकी शोभा यात्रा भी मंदिर चौक के वृहद परिसर से मंदिर प्रांगण में प्रवेश करते हुए गर्भगृह में प्रवेश करेगी।

## पीएम मोदी एवं सीएम योगी के नेतृत्व में हो रहा महिलाओं का सशक्तिकरण : डॉ कीर्तिका अग्रवाल

**प्रयागराज**
भाजपा महिला मोर्चा ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहीं एक दर्जन महिलाओं को सम्मानित किया। सम्मानित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ कीर्तिका अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं का तेजी से सशक्तिकरण हो रहा है।शनिवार को सिविल लाइन स्थित वात्सल्य सभागार में आयोजित समारोह में वात्सल्य हॉस्पिटल की निदेशक डॉ कीर्तिका अग्रवाल ने बताया कि इन महिलाओं ने अपनी-अपनी उपलब्धियों से समाज को नई प्रेरणा दी है। नारी सशक्तिकरण की दिशा में इन लोगों का कार्य महत्वपूर्ण है। ऐसी महिलाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन करना चाहिए, जिससे अन्य महिलाओं को प्रेरणा मिले।

महिलाओं का वित्तीय सशक्तिकरण एवं अंगदान संचेतना कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ कीर्तिका अग्रवाल ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर कार्य कर रही हैं। उनकी उपलब्धियों से देश गौरवान्वित हो रहा है।

आज इस सभागार में जिन महिलाओं को सम्मानित किया गया कार्य कर रही हैं।

इंस्पेक्टर महिला थाना प्रियंका सिंह ने कहा कि आज का दिन महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

## सशक्त महिला


**झांसी**
"सशक्त महिला, सुदृढ़ समाज की नींव होती हैं। महिला हर रुप में योगदान देती है"। यह विचार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह ने व्यक्त किया। सुधा सिंह बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हिंदी विभाग, कला संकाय, महिला अध्ययन केंद्र एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सम्मान कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जब वह आगे बढ़े तो अपने साथ अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ाने में मदद करे।

विशिष्ट अतिथि उपमा पाण्डेय, सचिव, झांसी विकास प्राधिकरण ने कहा कि सशक्तिकरण के लिए शिक्षा अति आवश्यक है। शिक्षित महिला ही सशक्त समाज का निर्माण कर सकती है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ किसी को नीचा दिखाना नहीं है, बल्कि कंधे से कंधा मिलाकर चलना है। पुरुष और महिला एक दूसरे को परस्पर सम्मान देकर ही समाज को बेहतर कर सकते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की वरिष्ठ आचार्य प्रोफेसर अपर्णा राज ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को लेकर समाज में बहुत ही गलत धारणाएं बनी हुई हैं। हमें यह बात समझनी होगी कि महिलाओं को किसी से आगे निकलने की होड़ नहीं है।

महिलाओं को बस उनका हक मिलता रहे, वह अपने लिए रास्ता स्वयं बना लेंगी। उन्हें किसी आरक्षण की आवश्यकता होगी।

## नेकदिल इंसान बनने का महीना है रमजान - इकरामुल



सबसे तेज प्रयागराज
**प्रयागराज। रमजान के महीने में अल्लाह जन्नत के दरवाजे खोल देता है और दोजख के दरवाजे को** बंद कर देता है। इसी महीने में अल्लाह ने पवित्र कुरआन नाजिल किया है। इसी किताब में अल्लाह ने जिन्दगी गुजर-बसर करने के तरीके बताए हैं। यह बातें हरवारा की लोहा शाह मजिस्द में कुरआन के मुकम्मसल होने पर मौलाना इकरामुल हक अजहरी ने अपने तकरीर में कही। उन्होंने कहा कि तरावीह की नमाज सुन्नते मुअक्केदा है। कुरआन के मुकम्मल होने के बाद भी तरावीह की नमाज पढ़ा जाना उतना ही जरूरी है जितना कि मुकम्मल होने से पहले था।

तरावीह की नमाज के दौरान आठ दिन में हाफिज मोहम्मद अकरम ने कुरआन मुकम्मल किया। अपनी तकरीर में मौलाना अख़्तर रजा ने कहा कि जो लोग आर्थिक रूप से संपन्न हैं, उनके लिए रमजान के महीने में फितरा देना जरूरी है। इस दौरान सुरैया नाज, मोहम्मद अयान, हाफिज रिजवान, मौलाना शिबली, हाफिज तौहीद, मौलाना इरफान आदि बच्चों ने भी नात पढ़ा। शकील अहमद, मोइनुद्दीन, मोहम्मद अली, राजू, मोहम्मद ईशान, मोहम्मद ताज, मोहम्मद राज, वकार अहमद, मोहम्मद फैसल, शानू, मोहम्मद अहद, मोहम्मद आसिफ आदि मौजूद रहे।

## खानम आर्ट गैलरी का डेमोंस्ट्रेशन कार्यक्रम



सबसे तेज प्रयागराज
**प्रयागराज। खानम आर्ट गै**लरी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कलात्मक लाइव डेमोन्स्ट्रेशन कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल राष्ट्रीय कलाकार एवं गैलरी निदेशक डॉ.जाहेदा खानम ने आर्ट पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मौसम के अनुसार अद्भुत चित्रांकन बनाए। कलाकृति में रंगों का संयोजन और रचना बहुत ही आकर्षक रही। गैलरी मेम्बर रवीन्द्र कुशवाहा ने बताया कि खानम आर्ट गैलरी के उद्देश्य और इसकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।समापन अवसर पर कलाकारों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## लापता दो नाबालिगों को पुलिस ने परिजनों से मिलवाया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिमी जिले की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) ने ऑपरेशन मिलाप के तहत 13 एवं 17 वर्षीय दो गुमशुदा नाबालिगों को खोज कर उनके परिवार से मिलवाया। दक्षिण पश्चिमी जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि पांच मार्च को केशवपुरम थाने में एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के अपहरण की शिकायत मिली। इसके बाद पांच मार्च को स्वरूप नगर थाने में 13 वर्षीय लड़की के अपहरण की शिकायत मिली। दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू किया गया लेकिन स्थानीय पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा। एएचटीयू ने मामले की सूचना मिलते ही बच्चियों के परिजनों से संपर्क कर सारी जानकारी जुटाई। बच्चियों के मोबाइल नंबर बंद आए। इसके बाद एएचटीयू को सीसीटीवी फुटेज व तकनीकि टीम की मदद से एक बच्ची के केशवपुरम इलाके में मौजूद होने की सूचना मिली और उसे पुलिस ने खोजकर परिवार से मिलवाया। दूसरी नाबालिग की तलाश में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई तो लड़की ट्रेन से रतलाम, महाराष्ट्र जाती दिखी। तकनीकि टीम की मदद से पता चला कि लड़की अपना व्हाट्सऐप इस्तेमाल कर रही थी। इस के आधार पर तकनीकि विशेषज्ञों की मदद से उसे रतलाम से बरामद कर लिया गया।

## साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के मैच में लगवा रहे थे सट्टा, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ल।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने चैंपियंस ट्रॉफी में साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच चल रहे सेमी फाइनल मैच पर सट्टा लगा रहे तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान किंगपिन मनीष सहानी (42), योगेश कुकरेजा (31) और सूरज (24) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से विभिन्न खातों में जमा किए गए 22.62 लाख रुपये, कॉल रिकॉर्डिंग के लिए साउंड बॉक्स, एक लैपटॉप, 9 मोबाइल फोन, एक एलईडी टीवी के अलावा भारी मात्रा में नोट पैड बरामद किए हैं। पकड़े गए आरोपियों में योगेश कॉमर्स ग्रेजुएट है जबकि अन्य दोनों आरोपित 12वीं और 10वीं पास हैं।क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया कि एएसआई गजेंद्र को सूचना मिली थी कि पाकिस्तान के गद्दाफी स्टेडियम में चल रहे मैच पर दिल्ली में सट्टा लगाया जा रहा है। सट्टे की और जानकारी जुटाने पर पता चला कि आरोपित मनीष सहानी उर्फ सन्नी कर्मपुरा के मकान में सट्टा लगवा रहा है। जानकारी जुटाने के बाद एक टीम का गठन किया गया। पुलिस ने डीएलएफ टॉवर्स, कर्मपुरा के मकान में छापेमारी की। वहां पुलिस को मनीष सहानी, योगेश कुकरेजा के अलावा सूरज मिला। यहां खुलेआम सट्टा बुक किया जा रहा था। पुलिस ने औपचारिकताएं पूरी करने के बाद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आगे की छानबीन जारी है।

## ड्रग्स तस्करी में एक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बरेली ड्रग सिंडिकेट से जुड़े एक तस्कर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान गांव मनोना बरेली निवासी निजामुद्दीन उर्फ निजाम (35) के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच की डीसीपी अपूर्व गुप्ता ने बताया कि क्राइम ब्रांच की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने ड्रग तस्करी पर कार्रवाई करते हुए ड्रग सिंडिकेट के एक प्रमुख सदस्य निजामुद्दीन को गिरफ्तार किया है।डीसीपी के अनुसार पांच मार्च को क्राइम ब्रांच की टीम ने जीटीबी अस्पताल के पास से लल्ला बाबू को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने लल्ला बाबू के कब्जे से 502 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। जांच में पता चला था कि लल्ला बाबू हेरोइन को निजामुद्दीन से लेकर आता था और दिल्ली के नंद नगरी निवासी विजय और जितेश उर्फ ??जीतू को देता था। आरोपित लल्ला बाबू की निशानदेही पर पुलिस ने जितेश को 125 ग्राम हेरोइन के साथ दबोचा, जबकि विजय मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने उसकी कार से 99 ग्राम हेरोइन जब्त किया था। पकड़े गए लल्ला बाबू से पूछताछ करने पर पता चला कि बरामद प्रतिबंधित पदार्थ निजामुद्दीन उर्फ निजाम उन्हें देता था। इस बीच क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली कि आरोपित निजामुद्दीन श्याम लाल कॉलेज शाहदरा के पास किसी से मिलने के लिए आने वाला है।

## विकास लगरपुरिया गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने विकास लगरपुरिया गिरोह के कुख्यात सदस्य रोहित गहलोत को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसको दो देसी पिस्तौल और 3 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला है कि आरोपित पहले से पांच मामलों में शामिल है। वह हत्या के प्रयास के एक मामले में फरार चल रहा था। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी सतीश कुमार ने बताया कि रोहति गहलोत को गोलीबारी और हत्या के प्रयास के एक मामले में गिरफ्तार किया गया है। 31 अक्टूबर, 2024 को छावला थाना पुलिस को शिकायतकर्ता हिमांशु ने तहरीर दी थी कि 30 अक्टूबर की रात वह अपने चचेरे भाई रोहित का जन्मदिन खाटू श्याम चौक (श्याम विहार) पर मना रहे थे। तभी आरोपित रोहित अपने 4 साथियों के साथ आया और गाली-गलौज करने लगा।

## जेपी नड्डा ने स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का किया उद्घाटन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने यहां के भारत मंडपम में तीसरे स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया। इस वर्ष संगोष्ठी का विषय है- 'नीति के लिए साक्ष्य को जोड़नाः किफायती स्वास्थ्य सेवा के लिए स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन।'

इस मौके पर नड्डा ने भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने और सभी के लिए सुलभ और सस्ती स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्यों के साथ संरेखित एक कुशल, न्यायसंगत और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य प्रणाली बनाने के लिए साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को आगे बढ़ाने में स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

संगोष्ठी का आयोजन विश्व स्वास्थ्य संगठन इंडिया कंट्री ऑफिस और सेंटर फॉर ग्लोबल



डेवलपमेंट के सहयोग से भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग ने किया है। कार्यक्रम में नड्डा के अलावा सांसद बांसुरी स्वराज, नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर विनोद कुमार पॉल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव, फार्मास्यूटिकल्स विभाग के सचिव अमित अग्रवाल भी मौजूद थे।केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कई प्रमुख संसाधन जारी किए, जिनमें पल्मोनरी ट्यूबरकुलोसिस के निदान के लिए ओपन रियल-टाइम पीसीआर किट, एचटीए टेक्नोलॉजीज कम्पेंडियम, एचटीए कॉस्टिंग डेटाबेस, साथ ही पेटेंट मित्र पहल शामिल हैं।

## दिल्ली की महिलाओं को बधाई, मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी : चुघ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने दिल्ली में महिला समृद्धि योजना शुरू होने पर महिलाओं को बधाई दी। उन्होंने इस योजना को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का एक और प्रमाण बताया, जिसमें महिला सशक्तीकरण सिर्फ नारा नहीं, बल्कि एक वास्तविकता है। चुघ ने महिला समृद्धि योजना के शुभारंभ के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनकी पूरी कैबिनेट को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने फिर से यह सिद्ध कर दिया कि वह जनता से किए गए हर संकल्प को पूरा करती है। दिल्ली में मीडिया से बातचीत में तरुण चुघ ने कहा कि जहां मोदी सरकार दिल्ली की महिलाओं को आर्थिक सहायता दे रही है, वहीं पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने सिर्फ माताओं और बहनों को ठगने का काम किया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला बोलते हुए चुघ ने याद दिलाया कि 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले आआपा ने पंजाब की हर महिला को 1000 रुपये प्रति माह देने का वादा किया था। आज विज्ञापनों पर सैकड़ों करोड़ खर्च कर सकती है, लेकिन पंजाब की महिलाओं को सम्मान और आर्थिक सहायता देने के लिए इनके पास पैसे नहीं हैं। उन्होंने इसे आआपा सरकार की शर्मनाक विफलता बताया।



36 महीने बीत चुके हैं, लेकिन महिलाओं को एक भी रुपया नहीं मिला। मान और केजरीवाल लगातार झूठ बोलकर माताओं-बहनों को गुमराह कर रहे हैं। चुघ ने भगवंत मान सरकार पर प्रचार एवं धोखे से सरकार चलाने का आरोप लगाया और कहा कि यह सरकार सिर्फ दिल्ली और पंजाब की सरकारों की तुलना करते हुए चुघ ने कहा कि दिल्ली में भाजपा सरकार ने महिला समृद्धि योजना महिलाओं को लागू कर दिया हैं, वहीं पंजाब की महिलाओं को आआपा सरकार से सिर्फ धोखा, झूठे वादे और बिगड़ती कानून व्यवस्था ही मिली है।

## योगी आदित्यनाथ ने की जेपी नड्डा से मुलाकात



एजेंसी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने जेपी नड्डा को महाकुंभ पर एक किताब भेंट की। मुलाकात के बाद जेपी नड्डा ने एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि आज दिल्ली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट हुई। हाल ही में तीर्थराज प्रयागराज में संपन्न हुए ऐतिहासिक महाकुंभ के सफल समापन पर उन्हें बधाई दी। वहीं, योगी आदित्यनाथ ने जेपी नड्डा का आभार जताया।

## दो बदमाश गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हर्ष विहार थाना पुलिस ने पांच दर्जन आपराधिक मामलों में शामिल दो कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान नंद नगरी निवासी प्रवीण उर्फ नागिन व नवीन उर्फ गोल्डी के रूप में हुई है।

उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि पकड़े गये दोनों आरोपित नंद नगरी थाने के घोषित अपराधी हैं। प्रवीण पर लूट व आर्म्स एक्ट समेत कुल 34 मामले और नवीन पर कुल 25 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनके पास से सोने की एक चेन व वारदात में इस्तेमाल एक बाइक बरामद हुई है। पुलिस इन दोनों से पूछताछ कर अन्य मामलों की भी छानबीन कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, गत दो मार्च को हर्ष विहार थाने में मंडोली एक्सटेंशन निवासी 30 वर्षीय संगीता ने सोने की चेन झपटने की शिकायत दी थी। उन्होंने बताया कि वारदात को बाइक सवार दो बदमाशों ने तब अंजाम दिया जब वह बैंक कॉलोनी स्टैंड की ओर पैदल जा रही थीं। इसी बीच बदमाशों ने उनके गले चेन झपट लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज व सर्विलांस की टीम की मदद से आरोपितों की पहचान की और दोनों को सबोली इलाके से झपटे गए सोने की चेन व वारदात में इस्तेमाल बाइक समेत गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ व जांच के दौरान आरोपितों पर कुल पांच दर्जन मामले दर्ज मिले। इसके अलावा बरामद बाइक भी चोरी की निकली।

## जयशंकर की आयरलैंड यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगीः विदेश मंत्रालय

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की हालिया आयरलैंड यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेगी। मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि आयरलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मामलों, व्यापार और रक्षा (एफएम) मंत्री साइमन हैरिस के निमंत्रण पर भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने 6-7 मार्च तक आयरलैंड की आधिकारिक यात्रा की। आयरलैंड में नई सरकार के गठन के पहले दो महीनों के भीतर हो रही विदेश मंत्री की यात्रा, द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने तथा निरंतर सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को दोनों पक्षों की प्राथमिकता पर बल देती है।बयान में कहा गया है कि यात्रा के दौरान विदेश मंत्री ने आयरलैंड के राष्ट्रपति माइकल डी हिगिंस से मुलाकात की और बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की तथा क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर विचारों का आदान-प्रदान किया। मंत्रालय ने बताया कि विदेश मंत्री ने अपने आयरिश समकक्ष उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री साइमन हैरिस के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की और द्विपक्षीय सहयोग के पूरे दायरे और आपसी हितों के प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मामलों की समीक्षा की। मंत्रियों ने व्यापार और अर्थव्यवस्था, शिक्षा, गतिशीलता, संस्कृति, पर्यटन और लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित विविध क्षेत्रों में प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने उच्च शिक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने और साइबर सुरक्षा, एआई, फिन-टेक और सेमीकंडक्टर सहित नए और उभरते क्षेत्रों में दोनों देशों के व्यवसायों और पेशेवरों के लिए और अधिक अवसर पैदा करने के रास्ते तलाशने पर भी चर्चा की।



मंत्रालय के बयान के अनुसार, आयरिश उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री ने डॉ. जयशंकर को आयरलैंड सरकार की कार्य योजना की एक प्रति भेंट की, जिसका उद्देश्य भारत के साथ आयरलैंड के जुड़ाव को बढ़ाना है। यात्रा के दौरान राजनयिक आदान-प्रदान पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसका उद्देश्य संस्थागत सहयोग को गहरा करना और राजनयिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर अनुभव साझा करना है। इसके अलावा, बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों के महत्व को पहचानते हुए, दोनों पक्ष भारत-आयरलैंड संयुक्त आर्थिक आयोग की स्थापना करने पर सहमत हुए।


डबलिन विश्वविद्यालय कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में विदेश मंत्री ने विश्व के बारे में भारत के दृष्टिकोण पर बात की और प्रमुख शिक्षाविदों और विद्वानों के साथ बातचीत की तथा वैश्विक मामलों पर परिप्रेक्ष्यों पर चर्चा की। इस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री ने डबलिन के सेंट स्टीफन ग्रीन में रवींद्रनाथ टैगोर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने आयरलैंड में भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी बातचीत की और आयरिश समाज में उनके समृद्ध योगदान की सराहना की।

## दिल्ली से सटे राजेन्द्र नगर के पते पर बना था बब्बर खालसा के संदिग्ध आतंकी फर्जी आधार कार्ड

एजेंसी

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश एसटीएफ द्वारा छह मार्च को गिरफ्तार किए गए बब्बर खालसा के संदिग्ध आतंकी लजर मसीह का आधार कार्ड गाजियाबाद जिले के दिल्ली से सटे राजेन्द्र नगर के बी-55 पर पते पर बना था। इस मकान पर शर्मा सदन लिखा है। यह मकान नरेंद्र शर्मा का है जो आईटी कंपनी में कार्यरत हैं। वहीं उनके पिता एक मीडिया संस्थान में कार्यरत हैं।

एसटीएफ की जाँच में खुलासा कि आतंकी ने इस पते पर न सिर्फ फर्जी आधार कार्ड बनवाया था। बल्कि इस पते पर ही अपना पासपोर्ट बनवाने के लिए भी आवेदन किया था। कहा जा रहा है कि इसके लिए उसने दिल्ली के एक गिरोह से 15 लाख रुपये देने भी तय किये थे। पड़ताल के लिए उनके आवास पर मीडिया कर्मी पहुंचे तो वहां पर मौजूद युवक ने कहा कि उनका या उनके परिवार का किसी तरह का कोई संबंध पंजाब से नही रहा है। ना ही वह किसी



लजर मसीह नाम के शख्स को जानते हैं। उन्होंने कहा कि 90 के दशक से परिवार इसी मकान में रह रहा है। उन्होंने फर्जी आधार कार्ड बनने पर हैरानी जताई । उधर ट्रांस हिंडन निमिश दशरथ पाटिल ने बताया कि मामले की पुलिस के साथ ही सुरक्षा एजेंसियां भी गहराई से पड़ताल कर रही हैं।

## भारत की मातृशक्ति प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है : पुष्कर सिंह धामी

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित डायरेक्ट सेलिंग महिला उद्यमिता समिट में कहा कि आज भारत की मातृशक्ति प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सेना, राजनीति, खेल, विज्ञान, कृषि, शिक्षा, उद्योग जैसे अनेक क्षेत्रों में मातृशक्ति द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश की मातृशक्ति के उत्थान एवं सशक्तीकरण के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले लगभग 11 वर्षों में देशभर में 30 करोड़ से अधिक महिलाओं के जन-धन के बैंक खाते खोले गए। देश में लखपति दीदी योजना के माध्यम से एक करोड़ से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का संकल्प पूरा करने के साथ ही 30 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुद्रा योजना के अंतर्गत लोन देकर सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। महिला सशक्तीकरण के



लिए देश की संसद ने लोकसभा एवं विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत का आरक्षण देने का कानून पास किया है।

धामी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा भी महिला सशक्तीकरण के लिए हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। सरकारी नौकरियों में राज्य की बेटियों को 30 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण देकर हर विभाग में उनका उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों को पांच लाख तक का ऋण बिना ब्याज के दिया जा रहा है। लखपति दीदी योजना के अंतर्गत उत्तराखंड एक लाख से अधिक महिलाएं लखपति बन चुकी हैं। राज्य सरकार द्वारा 'सशक्त बहना उत्सव योजना' और 'मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तीकरण योजना' जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है।

## महिला आरक्षण लागू करने की सरकार की नीयत नहीं, करेंगे विरोध प्रदर्शन : अलका

एजेंसी

**नई दिल्ली।** महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने कहा है कि लोकसभा और राज्यसभा ने संसद तथा विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने के लिए विधेयक पारित कर दिया है लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की नीयत इसे लागू करने के बजाय महिलाओं के साथ धोखा करने की है जिसके खिलाफ सोमवार को यहां जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया जाएगा।

श्रीमती लाम्बा ने यहां कांगेस के नये मुख्यालय इंदिरा भवन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिला इस देश की 'आधी आबादी' है। जब भी देश में कोई महिला ये कहे कि मैं अबला हूं, बेचारी हूं, अन्याय-अत्याचार की शिकार हूं, मुझे न्याय चाहिए तो उसके मन में महिला कांग्रेस का नाम आना चाहिए। जब इंदिरा जी ने महिला कांग्रेस की स्थापना की थी तो उनकी सोच महिलाओं को सिर्फ राजनीतिक तौर पर आगे बढ़ने की नहीं थी बल्कि उनकी सोच हासिए पर खड़ी बेटी और बहन को न्याय दिलाना था। उन्होंने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देश की आधी आबादी के लिए जो शानदार काम किया है, वह पूरा देश जानता है। आज इस देश में 15 लाख बहनें ऐसी हैं, जो पंच, सरपंच, पार्षद, वार्ड अध्यक्ष और मेयर हैं। हमें इन 15 लाख बहनों तक पहुंचना होगा और यह बताना होगा कि उन्हें यह मुकाम दिलाने में राजीव गांधी जी का कितना बड़ा योगदान है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा आज पूरा विश्व, पूरा देश अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है। आज प्रदेश की सरकारें महिलाओं को सम्मानित कर रहीं हैं, जो कि अच्छी बात है। लेकिन अगर उन्हीं राज्यों में नाबालिग बच्चियों के साथ अपराध होता है तो उन मां, बहन, बेटियों पर क्या गुजरती होगी, जो अन्याय-अत्याचार का शिकार हैं। यह उनके जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है।

## भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैः विजेंद्र गुप्ता

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में आयोजित बिजनेस कॉनक्लेव में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि हम आज एक ऐसे भारत की बात करने के लिए एकत्र हुए हैं जो अवसरों की धरती होने के साथ-साथ सेंटर ऑफ इन्वेंशन है और विकास की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तत्पर है। भारत सिर्फ एक देश नहीं, बल्कि संभावनाओं का महासागर है। गुप्ता ने कहा कि बिजनेस कॉन्क्लेव श्रीराम कॉलेज का प्रतिष्ठित वार्षिक प्रबंधन उत्सव है। यह एशिया के सबसे बड़े स्नातक प्रबंधन उत्सवों में से एक माना जाता है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत में हर क्षेत्र में अरबों डॉलर के अवसर मौजूद हैं। हमारे पास 1.4 अरब लोगों की विशाल जनसंख्या है। हर व्यापार के लिए ग्राहक पहले से मौजूद हैं। यही कारण है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। भारत आज एआई अपनाने में अग्रणी है, जहां 80 प्रतिशत कंपनियां इसे अपनी प्राथमिक रणनीति के रूप में देख रही हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है और यह हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत अब महिला विकास से महिला-नेतृत्व में विकास की ओर बढ़ रहा है। विजेंद्र गुप्ता ने भारत की एआई क्रांति की बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में




उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हर दिन 50 स्टार्टअप्स भारत में पंजीकृत हुए हैं। हर महीने एक नया यूनिकॉर्न स्टार्टअप जन्म ले रहा है। विकास में महिलाओं के योगदान की चर्चा करते हुए गुप्ता ने कहा कि भारत की प्रगति केवल आर्थिक और तकनीकी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है। बल्कि महिला सशक्तीकरण में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज भारत पहली बार एआई इकोसिस्टम को प्रत्यक्ष रूप से समर्थन दे रहा है। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत ने जीपीयू मार्केटप्लेस खोलकर एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। यह दुनिया का पहला ऐसा सरकारी प्रयास है, जिससे छोटे स्टार्टअप, शोधकर्ता और विद्यार्थी उच्च स्तरीय एआई संसाधनों तक आसानी से पहुंच बना सकते हैं।

## मोदी की बन गई है भारत के सबसे कमजोर प्रधानमंत्री की छविः कांग्रेस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि सबसे कमजोर प्रधानमंत्री की बन गई है और यह हम सबके लिए चिंता की बात है, इसलिए श्री मोदी को अमेरिका के सामने डरने की बजाय शक्ति से उसे जवाब देना चाहिए। पार्टी ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा - मैंने भारत की पोल खोल दी है, इसलिए अब वह अपने टैरिफ कम करने को मान गए हैं। ऐसा लग रहा है किसी ने भारत को धमकाया और अपनी बात मानने को मजबूर कर दिया। हमने जब से यह शब्द सुने तो बहुत दुख हुआ। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कुछ सप्ताह पहले श्री मोदी अमेरिका गए तो उनकी मौजूदगी में भारत को रेसिप्रोकल टैरिफ के नाम पर धमकाया जा रहा था लेकिन श्री मोदी इस पर एक शब्द बोलने की बजाय उल्टे मुस्कुराते रहे। यहां तक कि जब प्रधानमंत्री वहां से लौटे तो उसके कुछ घंटों बाद एक हवाई जहाज भारत में उतरा, जिसमें हमारे लोग बेड़ियों से जकड़े हुए थे। यह बहुत दुखद और अत्यंत चिंताजनक स्थिति थी। भारत के प्रधानमंत्री की ऐसी छवि पहले कभी नहीं रही है।उन्होंने कहा हमारे मन में भारत के प्रधानमंत्री पद की गरिमा और ताकत की एक छवि बनी हुई है। वह छवि बनी 1971 में बंगलादेश के वक्त, जब अमेरिका ने हमें धमकाया, अपना सातवां बेड़ा भेज दिया लेकिन हम नहीं झुके और बंगलादेश को आजाद कराया। फिर 1974 में पोखरन में, जब अमेरिका ने हमें रोकने के लिए तारापुर संयंत्र का ईंधन रोक दिया। हम तब भी नहीं दबे, नहीं डरे। पोखरन-2 के समय अटल जी प्रधानमंत्री थे। तब भी हमें डराया-धमकाया गया, मगर हम नहीं डरे। देश के प्रधानमंत्री पद की छवि आज ऐसी कैसे हो गई। यह सवाल हम सबको पूछना चाहिए।

# एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित हुए मीडिया सितारे

## अशोक श्रीवास्तव और शोभना यादव को बेस्ट एंकरिंग अवार्ड



**नई दिल्ली। मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा** दिल्ली के प्यारेलाल आडिटोरियम में आयोजित 19 वें मीडिया एक्सीलेंस अवार्ड समारोह में डीडी न्यूज के बहुचर्चित एंकर अशोक श्रीवास्तव को बेस्ट मेल एंकर, जी न्यूज की ख्यातनाम एंकर शोभना यादव को बेस्ट फीमेल एंकर, माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर डॉ के. जी. सुरेश को मीडिया गुरु और वरिष्ठ पत्रकार अतुल तारे को श्रेष्ठ संपादक के विशिष्ट पुरस्कारों से नवाजा गया। इन हस्तियों को भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) के पूर्व महानिदेशक प्रो.संजय द्विवेदी और भारत विकास परिषद् के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन ने सम्मानित किया।

समारोह में फिल्म सिटी नोएडा के संस्थापक डॉ संदीप मारवाह और मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अरुण शर्मा मौजूद रहे। इस मौके पर आइएमएस,नोएडा के प्रोफेसर डॉ.सचिन बत्रा की किताब 'व्यावहारिक पत्रकारिता' के दूसरे संस्करण का विमोचन भी किया गया। खास बात यह है कि इस पुस्तक का प्रकाशन मीडिया फेडरेशन द्वारा किया गया, जिसमें देशभर के कई जाने-माने टीवी व प्रिंट मीडिया के पत्रकारों ने स्पेशलाइज्ड रिपोर्टिंग पर अध्याय लिखे हैं। एमएफआई के अध्यक्ष अरुण शर्मा ने पत्रकारिता जगत की चुनौतियों सहित अकादमिक क्षेत्र के योगदान पर चर्चा करते हुए उम्मीद जताई कि विविध संचार क्षेत्र के सभी पेशेवर समाज के उत्थान में सक्रिय व सकारात्मक भूमिका निभाते हुए राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य को सफलतापूर्वक जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि मीडिया फेडरेशन शुरूआत से ही पत्रकार व समाज हित में कार्यरत रहा है। कार्यक्रम में अनेक संचार विशेषज्ञों और मीडिया शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया कार्यक्रम के अंत में एमएफआई की सचिव अमिता शर्मा और टीवी जगत के वरिष्ठ पत्रकार व एमएफआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## निवेश से चार तरह के पावर प्लांट से बनेगी अपार ऊर्जा

**रायपुर। छत्तीसगढ़** अब ऊर्जा क्रांति की ओर तेजी से बढ़ रहा है। आज सोमवार को रायपुर में हुए ह्यछत्तीसगढ़ एनर्जी इंवेस्टर्स समिटह्व में कई बड़ी कंपनियों ने 3 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश की घोषणा किया है। इस निवेश से राज्य में परमाणु, थर्मल, सौर और पंप्ड स्टोरेज जैसे क्षेत्रों में बिजली उत्पादन के नए प्रोजेक्ट शुरू होंगे। इससे न केवल उद्योगों को फायदा मिलेगा, बल्कि आम लोगों को भी सस्ती और निरंतर बिजली मिल सकेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कहना है कि छत्तीसगढ़ में ऊर्जा के क्षेत्र में यह निवेश राज्य की बिजली उत्पादन क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देकर हरित भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# विवाह योग्य वैश्य युवक युवतियों एवं अन्य वर्ग हेतु मासिक परिचय सम्मेलन का आयोजन



**गाजियाबाद।** वैश्य एकता समिति गाजियाबाद द्वारा दुर्गा वाशिंग पाउडर परिसर, कालका गढ़ी चौक गाजियाबाद में विवाह योग्य वैश्य युवक युवतियों तथा समाज के अन्य वर्ग हेतु 82वां मासिक परिचय सम्मेलन समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता (अध्यक्ष दुर्गा वाशिंग पाउडर ) के सौजन्य से आयोजित किया गया।

समिति के अध्यक्ष ने सभी प्रत्याशियों,अभिभावकों,परिचकताओं एवं आयोजन में उपस्थित समाजसेवियों व पत्रकार बंधुओ का अभिनंदन करते हुए सभी को होली की शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग के कारण यह सम्मेलन हर मां सफलतापूर्वक आयोजित हो रहा है तथा प्रत्येक मां 50-60 नए रजिस्ट्रेशन फॉर्म का सहयोग सदैव मिलने के साथ-साथ 14 से 16 रिश्ते भी प्रत्येक माह तय हो जाते हैं, जिसके लिए उन्होंने सभी का धन्यवाद अर्पित किया। समिति द्वारा विवाह योग्य वैश्य युवक युवती हेतु परिचय सम्मेलन के साथ-साथ ब्राह्मण एवं अन्य वर्ग के युवक एवं युवती हेतु भी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। महासचिव व संयोजक अजय कुमार गोयल ने सभी प्रत्याशियों का मंच के माध्यम से परिवार सहित परिचय कराया। उन्होंने बताया कि इस माह परिचय सम्मेलन में 75 नए प्रत्याशियों के पंजीकरण हुए तथा पत्रिका में पूर्व पंजीकृत प्रत्याशियों से संपर्क करने पर 17 प्रत्याशियों के वैवाहिक संबंध तय होने की जानकारी प्राप्त हुई है जो कि समिति के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि यह कार्य प्रेमचंद गुप्ता के मार्गदर्शन व सभी पदाधिकारी एवं अभिभावकों के सहयोग से संभव हो पाया है। समझ में उपस्थित युवती प्रत्याशियों द्वारा मंच पर परिचय देने के उपरांत उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। पत्रिका के संपादन का कार्य अनुराग अग्रवाल के द्वारा बहुत कम समय में तैयार किया गया जिसके लिए समिति के समस्त पदाधिकारी की तरफ से उनका विशेष रूप से आभार प्रकट किया गया। सम्मेलन को सफल बनाने कुमार गोयल, अनुराग अग्रवाल,नीरू अग्रवाल, राकेश मित्तल,बुद्ध गोपाल गोयल, भारती अग्रवाल, बीएन अग्रवाल,हर स्वरूप सिंघल, रविंदर गर्ग,अंशु बंसल, कैलाश चंद्र गोयल,प्रहलाद गोयल, मुकेश मित्तल,विजय गर्ग लोहे वाले तथा राजीव अग्रवाल,महेंद्र गुप्ता, लक्ष्मी नारायण सिंघल,राधा रमन अग्रवाल, राजेश गुप्ता आदि पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा।

## त्यौहार के दृष्टिगत संग्रहित किये गये खाद्य पदार्थो के नमूने

**बहराइच। आयुक्त, खाद्य** सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ.प्र. लखनऊ एवं जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश के क्रम में आगामी होली त्यौहार पूर्व पर मिलावटी खाद्य पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, बहराइच द्वारा संचालित किये जा रहे अभियान अन्तर्गत तहसील कैसरगंज में हुजूरपुर रोड चकपिहानी स्थित मोहिनी किराना स्टोर बेसन एवं रिफाइण्ड राइस ब्रान ऑयल, ढपालीपुरवा जोन-2 स्थित अन्नपूर्णा दुग्ध डेयरी से खोया, तहसील महसी के कल्याणीपुर कॉलोनी स्थित न्यू लक्ष्मण स्वीट शॉप से खोया, टिकोरा मोड स्थित राजेश जायसवाल जलपान गृह से पेडा, उत्तर नगर में बराती होटल से पनीर एवं भगवानपुर स्थित कुन्नु जलपान गृह व घनश्याम मिष्ठान भण्डार से खोया के एक-एक नमूनें संग्रहीत किये गये। संग्रहीत किये गये सभी 08 नमूने किये गये नमूने खाद्य विश्लेषक को जांच हेतु प्रेषित कर दिये गये हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। मिलावटखोरी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूण कुमार शुक्ल के नेतृत्व में संचालित की गई छापामारी कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती कमला रावत, श्रीमती प्रीती वर्मा, अजय कुमार सिंह, डॉ. विवेक कुमार वर्मा, अभिषेक कुमार व आदित्य वर्मा द्वारा सम्बन्धित प्रतिष्ठानों से खाद्य नमूने संग्रहीत किये गये।

## स्वच्छता मुहिम को जनांदोलन का रुप देने का आह्वान

**बहराइच। किसान** पीजी कॉलेज बहराइच में एनएसएस विशेष शिविर के पांचवें दिन सभी स्वयंसेवकों ने हल्के व्यायाम के साथ दिन की शुरूआत की।एनएसएस लक्ष्य गीत और राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम अधिकारी सी डी सिंह विशेन ने आज के कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।आज के दिवस के प्रथम सत्र में आसान , प्राणायाम एवं योगाभ्यास की विधियो का अभ्यास कराते हुए योग को नियमित रूप से अपनाने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ अजय प्रताप सिंह ने सभी स्वयंसेवकों का आह्वान करते हुए कहा कि अपने कॉलेज में भी स्वच्छता अभियान चलाया जाना चाहिए क्योंकि स्वच्छता की शुरूआत घर और कार्यस्थल से होनी चाहिए।कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिषेक सिंह ने स्वच्छता ही सेवा का संकल्प दिलाते हुए सभी बच्चों से इस मुहिम को जन आंदोलन में बदलने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारियों के साथ द्वितीय प्रहर में स्वयंसेवको ने अपने महाविद्यालय जाते समय स्वच्छता जागरूकता रैली निकलाते हुए प्रस्थान किया।सभी बच्चों ने "हम सब ने ये ठाना है..भारत को स्वच्छ बनाना है", "स्वच्छ भारत.. स्वस्थ भारत", "सब रोगों को एक दवाई...घर में रखो साफ सफाई", " क्लीन सिटी ग्रीन सिटी ... यही हमारा ड्रीम सिटी", स्वच्छता ही सेवा...गंदगी जान लेवा है" जैसे उदघोष के साथ उत्साह पूर्वक भ्रमण करते हुए किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय पहुंचे और प्रशासनिक भवन व फील्ड की साफ किया।

# राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के होली मिलन समारोह का हजारों लोगों ने लिया आनंद

### बृज की रासलीला व फूलों की होली ने रामलीला मैदान को ही बरसाना बना दिया

**गाजियाबाद।** राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन का होली मिलन समारोह राजनगर के रामलीला मैदान में धूमधाम से मनाया गया। होली मिलन समारोह में जहां वृन्दावन की मंडली ने बृज की रासलीला व फूलों की होली से हजारों लोगों को सराबोर कर दिया, वहीं कवियों ने अपनी हास्य कविताओं की पिचकारी से सभी को हास्य रंग में रंग दिया।

मुख्य अतिथि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संतोष यादव और राज्यसभा के पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए डीके गोयल, महासचिव अंबरीश त्यागी, कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्यागी, वरिष्ठ समाजसेवी देवेंद्र हितकारी ने दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह की शुरूआत की। समारोह दो चरणों में संपन्न हुआ। पहले चरण में सुविख्यात कवि व पत्रकार राज कौशिक के संचालन में हास्य कवि सम्मेलन हुआ तो दूसरे चरण में वृंदावन की मंडली की रासलीला पर हर कोई झूम उठा। फूलों की होली ने रामलीला मैदान को ही बरसाना बना दिया। हास्य कवि सम्मेलन में दिल्ली से पधारे सुप्रसिद्ध हास्य कवि अनिल अग्रवंशी की रचना

चेहरे पे हंसी व दिल में खुशी होती है<br>
सही मायने में यही जिंदगी होती है<br>
हंसना किसी इबादत से कम नहीं<br>
किसी ओर को हंसा दो तो बंदगी होती है

की खूब सराहना की गई।

**शायर राज कौशिक की गजल कि कुछ**



**इक दिन में ही ये दुनिया गुलो गुलजार हो जाए**<br>
**जो नफरत की जगह दिल में हमारे प्यार हो जाए**<br>
**कोई हमसे न सुधरेगाए बस इतना तुम करो कोशिश**<br>
**कोई जैसा है वैसा ही हमें स्वीकार हो जाए को खूब दाद मिली।**

**हास्य जवि सुनहरी लाल तुरन्त ने राजनीति के बदलाव को कुछ इस तरह से बताया.**

**बर्बादियों के सारे, मंजर बदल गए हैं**<br>
**कातिल वही हैं केवल, खंजर बदल गए हैं**<br>
**खद्दर वही है, आदमी अंदर का वही है**<br>
**बदली नहीं है फितरत, अवसर बदल गए हैं**

**युवा हास्य कवि कुशल कुशलेन्द्र की ये पंक्तियां बहुत पसंद की गईं.**

**खुशी सुख चैन अब सबके घरानों में नहीं मिलती**<br>
**सुकूँ की जिन्दगी हमको दुकानों में नहीं मिलती**<br>
**बहुत अनमोल दौलत है दुआ माँ बाप की ले लो**<br>
ये वो दौलत है जो हमको खजानों में नहीं मिलती।

उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, प्रदेश के राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप, सांसद अतुल गर्ग, शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व राज्य सभा सांसद अनिल अग्रवाल, पार्षद प्रवीण चौधरी और अजय शर्मा, पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी, भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक मोंगा व अजय शर्मा, वरिष्ठ पूर्व आईएएस वी के पवार, वरिष्ठ समाजसेवी वी के अग्रवाल, बी के शर्मा हनुमान, अनिल सांवरिया, राम अवतार जिंदल, अनिल गर्ग, राकेश मित्तल, दिनेश अग्रवाल, राजीव मोहन, सुभाष गुप्ता, राकेश मोहन सिंघल, जयकुमार गुप्ता, रामवीर, सीए ऋषि कपूर, लोकेश अग्रवाल, प्रशांत गर्ग, सतीश कुमार, रविंद्र त्यागी, प्रवीन त्यागी, आर सी अग्रवाल, आदि नारायण गुप्ता, सुरेश चंद लोहे वाले, डॉ एस एस पुरी, राकेश छारिया, आर एस भाटी, सुनील त्यागी, अजय त्यागी, दुष्यंत सिसोदिया, राजवीर त्यागी, राजीव त्यागी, एन के त्यागी आदि ने सभी को होली पर्व की बधाई दी और राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए डी के गोयल के नेतृत्व में संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की।

अध्यक्ष सीए डी के गोयल, देवेंद्र हितकारी,महामंत्री अमरीश त्यागी, कोषाध्यक्ष प्रभाकर त्यागी आदि ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

संस्था के अध्यक्ष सीए डीके गोयल ने होली मिलन समारोह को यादगार व सफल बनाने के लिए पूरी टीम को धन्यवाद दिया। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्था हर वर्ष होली मिलन समारोह कराती है, मगर इस बार का समारोह खास रहा क्योंकि इस बार पहली बार हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन प्रख्यात कवि व पत्रकार राज कौशिक के निर्देशन में किया गया जिसमें अनिल अग्रवंशी, सुनहरी लाल तुरंत व कुशल कुशलेंद्र व राज कौशिक की रचनाओं ने सभी को आनंदित कर दिया।

साथ ही वृदावन की मंडली की बृज की रासलीला व फूलों की होली तो लोगों के दिल में हमेशा के लिए अमिट छाप छोड गई। आयोजन इस कदर सफल रहा तो सभी साथियों के सामूहिक प्रयास से ही संभव हो पाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### रोवर्स एवं रेंजर्स समागम स्वयंसेवकों को व्यक्तिगत विकास के लिए प्रोत्साहित व सामाजिक एकता को भी मजबूत किया : प्राचार्य



**गाजीपुर। जनपद** स्तरीय 33 वां दो दिवसीय रोवर्स एवं रेंजर्स समागम का समापन पी० जी० कॉलेज में हुआ। यह आयोजन युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी और अनुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए पी० जी० कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ० राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि रोवर्स एवं रेन्जर्स जैसे समागम विद्यार्थियों को जीवन के मूल्यों से जोड़ते हैं और उन्हें समाज के प्रति संवेदनशील बनाते हैं।

यह समागम दो दिनों तक चला, जिसमें पहले दिन उद्घघाटन, परेड और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुए। दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे टेंट निर्माण, पुल निर्माण, नाटक, झांकी, लोकगीत, लोक नृत्य, प्राथमिक उपचार, सैण्ड स्टोरी, क्विज, पोस्टर निर्माण आदि कुल 20 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामुदायिक सेवा गतिविधियों के माध्यम से समागम का समापन हुआ। प्रोफेसर पाण्डेय ने अपने वक्तव्य में जोर दिया कि "युवा शक्ति को सही दिशा में ले जाना हमारी जिम्मेदारी है। यह आयोजन उन्हें एकजुटता और सेवा भाव सिखाता है।" कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार वितरण प्राचार्य पी जी कालेज प्रोफेसर डॉ० राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय मुख्य अतिथि स्काउट गाइड के प्रादेशिक संगठन कमिश्नर हीरालाल यादव एवं विशिष्ट अतिथि सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर सुश्री रविन्द्र कौर ने संयुक्त रूप से किया। दो दिवसीय समागम प्रतियोगिताओं में रोवर्स वर्ग में पी० जी० कालेज गाजीपुर प्रथम तथा महात्मा गांधी सती स्मारक महाविद्यालय गरूआ मकसूदपुर की टीम दूसरे स्थान पर रही, वहीं रेंजर्स वर्ग में पी जी कालेज, गाजीपुर प्रथम तथा राजकीय महिला महाविद्यालय गाजीपुर की टीम दूसरे स्थान पर रही। जानकारी के अनुसार, यह वार्षिक आयोजन जनपद के विभिन्न कॉलेजों के रोवर्स रेंजर्स दलों को एक मंच पर लाता है। इस बार भी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य ने आयोजकों की मेहनत की प्रशंसा की और भविष्य में ऐसे आयोजनों को जारी रखने की बात कही। यह समागम युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना, जिससे उन्हें न केवल व्यक्तित्व विकास के लिए प्रोत्साहित किया, बल्कि सामाजिक एकता को भी मजबूत किया। प्रोफेसर (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में पी० जी० कॉलेज ने इस आयोजन को यादगार बनाया। यह कार्यक्रम युवाओं में सकारात्मक बदलाव का संदेश लेकर समाप्त हुआ। संचालन डॉ० मनोज कुमार मिश्र ने किया।

### सामाजिक कार्यकर्ता स्व०अनिल राय की पुण्यतिथि पर क्षेत्रवासियों ने दी श्रद्धांजलि

**भांवरकोल /गाजीपुर। क्षेत्र** के शेरपुर खुर्द गांव के सामाजिक कार्यकर्ता एवं संघर्षशील नेता स्व०अनिल राय काका की 17 वीं पुण्यतिथि पर क्षेत्रवासियों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में हाईकोर्ट के बरिष्ठ अधिवक्ता अवधेश कुमार राय ने कहा कि दुनिया में बहुत लोग पैदा होते हैं तथा मर जाते हैं जिन्हें कोई याद नहीं करता। लेकिन अल्प समय में ही स्व० अनिल काका ने समाजिक समस्याओं को लेकर अपने संघर्षों के चलते वे लोगों के दिलों में हमेशा जिन्दा रहेंगे। चाहे गंगा नदी की कटान की समस्या हो, आरक्षण विरोधी अंन्दोलन हो या जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में व्याप्त तानाशाही एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर होकर संघर्ष किया। जिसका क्षेत्रवासियों को इसका सुखद परिणाम मिला।इस मौके पर पूर्व प्रधान विद्यासागर गिरी ने कहा कि स्व० अनिल काका आजीवन गरीबों,समाज के कमजोर तबके के लोगों के लिए संघर्षरत रहे। एक फक्कड़ स्वभाव के स्व० काका क्षेत्र पूरे क्षेत्र में समस्याओं को लेकर उनके संघर्ष को लोग कभी भी भूला नहीं सकेंगे। इस अवसर पर शहीद संस्मरण इंटर कालेज शेरपुर खुर्द के हाईस्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली गुड़िया प्रजापति द्वितीय स्थान पर गौरव कुमार इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर नंदनी पटेल द्वितीय स्थान पर ममता यादव को वहीं क्षेत्रीय विद्यालयों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर आरती चौधरी को स्व. अनिल राय काका स्मृति संस्थान की ओर से पुरस्कृत किया गया। श्रद्धांजलि सभा में श्यामनारायण राय, शैलेश राय, मृत्युंजय राय, बाला जी राय ,मुरारी राय, जोगिंद्र राम ,विकास राय, ललन पटेल, कौशल्या राय, राहुल राय, आनंद राय सहित अन्य लोगों ने बिचार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेंद्र शर्मा व संचालन मिथिलेश राय ने किया।अन्त में कार्यक्रम की संयोजक अवधेश राय ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार जताया।

# सकारात्मक सोच और दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करें: कार्य : डॉ.मानवेन्द्र प्रताप सिंह 'गुरू जी'


**संरक्षक:** संजय शुक्ला,( सत्यम शिवम शुभम पीजी व लां कॉलेज टिकरी)

**सलाहकार संपादक:** रिजवान सैफ खान

**सह सपांदक:** मोहम्मद दानिश फारूकी ,

**सह संपादक:** राम सिंह यादव

उक्त सभी पद अवैतनिक है



**गाजियाबाद।** दुर्गावति देवी सभागार, विकास भवन में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की "शिक्षा का व्यवसायी करण की जांच सम्बंधी समिति" के कार्य.सभापति डॉ.मानवेन्द्र प्रताप सिंह 'गुरू जी' की अध्यक्षता में जनपद गौतमबुद्ध नगर व गाजियाबाद की संयुक्त बैठक आहूत हुई।

बैठक में गणमान्यों की उपस्थिति बैठक में मुख्य रूप से विजय बहादुर पाठक समिति सदस्य, अंगद कुमार समिति सदस्य, अविनाश सिंह चौहान समिति सदस्य, नरेन्द्र सिंह भाटी व श्रीचन्द शर्मा समिति द्वारा विशेष आमंत्रित सदस्य, धनंजय सिंह उप सचिव, सौरभ दीक्षित समीक्षा अधिकारी, अर्चित वाजपेई वृत्त लेखक, गजेन्द्र सिंह अपर निजी सचिव एवं ?जिलाधिकारी दीपक मीणा, एडीएम प्रशासन गाजियाबाद व एडीएम गौतमबुद्ध नगर उपस्थित रहे।

विकास भवन प्रांगण में पहुंचने पर सभापति को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। तदोपरांत सभापति महोदय सहित सभी गणमान्यों को पुष्पगुच्छ भेंट कर, शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभापति ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में व्यवसायीकरण की शिकायतों की जांच एवं शिक्षा क्षेत्र में बेहतर सुधार हेतु उत्तर प्रदेश विधान परिषद द्वारा "शिक्षा का व्यवसायी करण की जांच सम्बंधी समिति" का गठन किया है। बैठक के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा दोनों जनपदों में संचालित सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों की जानकारी प्राप्त की गयी। उन्होने जाना की दोनो जनपदों में कितने विद्यालय, विश्व विश्वविद्यालय एवं मदरसे हैं। साथ ही विद्यार्थियों की संख्या एवं अध्यापकों की संख्या सहित अन्य जानकारी से भी अवगत हुए। उन्होने विद्यार्थियों के साथ होने वाली दुर्घटनाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए जानना चाहा कि कितने विद्यार्थियो को इंशोरेन्स मिला है और कितने स्कूल कॉलेजों द्वारा विद्यार्थियों का इंशोरेन्स कराया जाता है। इस सम्बंध में सम्बंधित अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी ने अवगत कराया कि अभी उनके पास आंकडे उपलब्ध नहीं है, माननीय अध्यक्ष महोदय ने 2 माह के अन्दर उक्त जानकारी स?मिति को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

उन्होने स्कूल कॉलेजों द्वारा छात्रों से लिये जाने वाले शुल्क पर भी जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी स्कूल कॉलेज नियमों के ?विरूद्ध शुल्क ना लें, यदि ऐसा पाया जाता है तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएं।

उन्होने कहा कि सरकार द्वारा विद्यार्थियों को दी जाने वाली योजनाएं के तहत धनराशि को उनके खाते में डाली जाएं, जब ?भी किसी छात्र का एडमिट कार्ड बनाया जाएं उनका बैंक खाता संख्या भी उसमें समायोजित किया जाएं। जिससे उनको मिलने वाली धनराशि उसके खाते में हस्तान्तरित की जा सके। अध्यक्ष महोदय द्वारा विद्यालयों कॉलेजों में चलने वाले वाहनों के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्राप्त की गयी। जिस पर सम्भा?गीय परिवहन अधिकारियों ने बताया कि स्कूल कॉलेजों के वाहनों की फिटनेस और परमिट की निरंतर जांच होती रहती है, नियमानुसार गलत पाएं जाने पर चालाव व सीजिंग की कार्यवाही की जाती है।

इसके साथ ही विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर वाहनों की जांच की जाती है, इसी के साथ वाहन में वाहन चालक, परिचालक व अटेंडेंट होते हैं। अध्यक्ष महोदय द्वारा इस सम्बंध में सूची उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया

सबसे तेज प्रयागराज, मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी संपादक हनुमान प्रसाद शुक्ल द्वारा विपिन इंटरप्राइजेस 1/6सी/1 मास्टर जरूहुल हसन रोड़, कटरा, प्रयागराज से मुद्रित कराकर, करीमुददीनपुर पोस्ट अटरामपुर नवाबगंज प्रयागराज से प्रकाशित। मो नं. 9452842169। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आ.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद का निपटारा इलाहाबाद न्यायालय में होगा। आपत्तियां एक सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएगी। समाचार पत्र की जिम्मेदारी लेखक व संवाददाता की होगी